# पार्किंग व्यवस्था में गड़बड़ी पर अफसरों को फटकार

विशेष संवाददाता (vol)

- गंदगी, अवैध गतिविधियों और टेंडर गड़बड़ी मेयर सख्त




**लखनऊ।** नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था में सामने आई अनियमितताओं को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ पार्किंग विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने हाल ही में किए गए औचक निरीक्षण का जिक्र करते हुए बताया कि हजरतगंज और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं।

निरीक्षण के दौरान पार्किंग स्थल पर गंदगी का अंबार मिला और वहां अवैध रूप से कार बाजार एवं गैराज संचालित होते पाए गए। महापौर ने कहा कि हजरतगंज जैसे प्रमुख क्षेत्र में देश-विदेश से आने वाले लोग अपने वाहन खड़े करते हैं। ऐसे में पार्किंग स्थलों पर गंदगी और अव्यवस्था शहर की छवि को खराब करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई और व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए।

### सबलेटिंग पर जतायी कड़ी नाराजगी

बैठक में पार्किंग के सबलेटिंग मुद्दे पर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह टेंडर नियमों के विरुद्ध है और किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह की गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम के बाबू द्वारा टेंडर प्रक्रिया में हेरफेर कर एक ही व्यक्ति को दो या तीन पार्किंग स्थलों का ठेका दिया जा रहा है। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रचार के लिए डिजिटल स्क्रीन लगायेगा नगर निगम

- पांच श्रेणी में बंटेगी सड़कें, देना होगा सामाजिक संदेश, 70 स्ट्रीट पार्किंग का अप्रैल में होगा टेंडर

**लखनऊ।** शहर में विज्ञापन के टेंडर से पहले एक एजेंसी जोन वार और सड़क के हिसाब से सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसी के आधार पर नगर निगम विज्ञापन के लिए खाका तैयार करेगा। पहली बार विज्ञापन के लिए डेडीकेटेड डिजिटल स्क्रीन के लिए जगह रिजर्व की जाएगी। विज्ञापन और प्रचार विभाग के तकनीकी समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया।

स्ट्रीट पार्किंग को लेकर पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभागों से भी इसके संचालन से पहले सुझाव मांगे गए हैं। संचालन से पहले इसमें सुधार किया जा सके। शहर में लागू नई प्रचार नियमावली उत्तर प्रदेश नगर निगम (आकाश चिह्न और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली 2026 का दो फरवरी को प्रकाशन हो गया है। अप्रैल से यह लागू हो जाएगा।

इसके पहले तकनीकी समिति की बैठक में इसे रखा गया। इसमें बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन के लिए जोन की तीन कैटेगिरी बनाई जाएगी। इसमें शहर की सबसे बड़ी कार्मशियल एरिया, प्रीमियम आवासीय स्थान शामिल होंगे। लखनऊ में हजरतगंज, सुशांत गोल्फ सिटी, गोमतीनगर, पुराना लखनऊ और गोमतीनगर विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं। जोन-2 में भविष्य के लिहाज से डेवलेप होने वाले कार्मशियल क्षेत्र और जहां पर कम ट्रैफिक हो ऐसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। जोन-3 में कम आवासीय क्षेत्र शामिल होंगे, जहां पर कम विज्ञापन की संभावनाएं हैं।

विज्ञापन के लिए सड़क को 5 श्रेणी में बांटा जाएगा। इसमें सबसे अधिक कार्मर्शियल एरिया, अच्छी कार्मर्शियल एरिया, विज्ञापन के लिए सामान्य सड़क, विज्ञापन पर रोक वाली सड़क और सिर्फ डिजिटल स्क्रीन वाली सड़क शामिल हैं। इन सड़कों पर एक घंटे में पांच मिनट नगर निगम और सरकार द्वारा सामाजिक संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही महीने में एक दिन और साल में अधिकतम 12 दिन यह संदेश प्रसारित करना होगा।

वहीं, शहर में विज्ञापन करने के लिए किसी भी सरकारी एजेंसी को नगर निगम से लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए उन्हें पेमेंट भी करना पड़ेगा। सर्वे रिपोर्ट के बाद तकनीकी समिति की तरफ से इसपर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में शामिल रहे विभिन्न स्टेक होल्डर से नगर निगम ने स्ट्रीट पार्किंग के संचालन से पहले सुझाव मांगे हैं। इसके साथ में यह तय किया गया है कि अब स्ट्रीट पार्किंग का टेंडर 15 अप्रैल तक लाया जाएगा। इसके बाद इसका संचालन शुरू होगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि नगर निगम की 20 पार्किंग में से 14 का टेंडर हो गया है। अब 6 पाकिंर्गों का भी टेंडर जल्द कर दिया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में सजेगा कौशल का महाकुंभ

विशेष संवाददाता (vol)

- 650 से अधिक प्रतिभागी दिखायेंगे हुनर 63 कौशलों में होगी प्रतियोगिता
- रोबोटिक्स और हरित कौशल जैसे विषयों पर विशेषज्ञ साझा करेंगे अनुभव

**लखनऊ।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता ह्यइंडियास्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26ह्न का भव्य आयोजन रविवार से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शुरू होगा। इस आयोजन में देशभर के युवा अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार इस बड़े आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। राज्य सरकार प्रदेश को कौशल विकास का केंद्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

ऐसे आयोजनों से युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। यह द्विवार्षिक प्रतियोगिता देश के प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी दक्षता प्रदर्शित करने और वैश्विक प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का महत्वपूर्ण मंच है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से पहले असम, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिनमें से 16 प्रतिभागियों ने विभिन्न पदक जीते।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 29 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मुख्य प्रतियोगिता 30 मार्च से 1 अप्रैल तक इंडिया एक्सपो मार्ट के हॉल 9 से 12 में आयोजित होगी। समापन समारोह 2 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक हॉल 9, इंडिया एक्सपो मार्ट में होगा।

इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 650 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जो 63 विभिन्न कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान रोबोटिक्स, हरित कौशल और भविष्य के रोजगार जैसे विषयों पर विशेष ज्ञान सत्र और चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। इनमें वैश्विक स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियां अपने अनुभव और तकनीकी जानकारी साझा करेंगी।

भारत सरकार और कौशल विकास मिशन ने इस आयोजन के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से सहयोग और सहभागिता की अपील की है, ताकि युवाओं को बेहतर अवसर मिलें और वे राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकें।

# 5000 करोड़ की संपत्तियां बेच कर आवास विकास ने बनाया कीर्तिमान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 5,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का विक्रय कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परिषद की ओर से चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर 25 मार्च 2026 को आयोजित ई-नीलामी में लगभग 1,565 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया, जो इस उपलब्धि का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।




परिषद के अनुसार, वर्ष 2025 में दशहरा के अवसर पर आयोजित ई-नीलामी में 1,178 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का विक्रय किया गया था। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 की छठी एवं अंतिम ई-नीलामी, जो 25 मार्च 2026 को आयोजित हुई, में परिषद ने 1,565 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का सफल निस्तारण कर एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयोजित छह सफल ई-नीलामियों तथा समय-समय पर खोले गए विभिन्न पंजीकरणों के माध्यम से परिषद द्वारा अब तक लगभग 5,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों का विक्रय किया जा चुका है। 25 मार्च को आयोजित ई-नीलामी में परिषद ने विभिन्न शहरों की योजनाओं के अंतर्गत आवासीय भवन एवं भूखंड, व्यावसायिक और शैक्षणिक भूखंड, ग्रुप हाउसिंग भूखंड, लखनऊ की वृंदावन योजना में प्रस्तावित आईटी सिटी के भूखंड तथा ग्रीन फील्ड टाउनशिप अयोध्या में होटल, अस्पताल आदि के लिए भूखंड उपलब्ध कराए।

# एकेटीयू के स्टार्टअप को 50 मिलियन डॉलर की फंडिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- एडुबुक की डिजिटल वेरिफिकेशन सेक्टर में बड़ी छलांग

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के स्टार्टअप में बड़ी सफलता हासिल की है. कलाम सेंटर फॉर इन्नोवेशन एंड, इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्टअप फाउंडेशन, इन्नोवेशन हब में पंजीकृत एडुबुक कंपनी को डिजिटल क्रेडेंशियल वेरिफिकेशन के क्षेत्र में 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपये) की महत्वपूर्ण फंडिंग हासिल की है। यह निवेश निमबस कैपिटल ने किया है। कुलपति प्रो0 जय प्रकाश पाण्डेय के मग्रदर्शन में राज्य के नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. इस सेंटर के निदेशक प्रो राजीव कुमार एवं डॉ अनुज कुमार शर्मा ने एडुबुक कंपनी के संस्थापक, अपूर्व बजाज और शिवानी मेहरोत्रा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। एडुबुक ब्लॉकचेन आधारित सुरक्षित डिजिटल वेरिफिकेशन समाधान प्रदान कर रहा है। अब तक कंपनी 1 लाख से अधिक ऑन-चेन वेरिफिकेशन सफलतापूर्वक कर चुकी है और भारत के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य-पूर्व, यूरोप और अफ्रीका में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। एडुबुक का मुख्य फोकस फर्जी प्रमाण-पत्रों की समस्या का समाधान करना और वैश्विक कार्यबल के लिए विश्वसनीय डिजिटल वेरिफिकेशन प्लेटफॉर्म तैयार करना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह निवेश कंपनी को अपने तकनीकी ढांचे को मजबूत करने, उत्पाद विकास में तेजी लाने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगा। स्टार्टअप इकोसिस्टम के जानकारों का मानना है कि इस तरह की फंडिंग न केवल एडुबुक के लिए, बल्कि उत्तर प्रदेश और देश के नवाचार परिदृश्य के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

**विश्वविद्यालय प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को दे रहा बढ़ावा :** विश्वविद्यालय प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल कर रहा है. विश्वविद्यालय के इन्नोवेशन हब की ओर से छात्रों एवं युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संसाधन एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही है. इस दिशा में डीन इन्नोवेशन प्रो. बी एन मिश्रा के मार्गदर्शन एवं इन्नोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह एवं सीआईओ वंदना शर्मा के नेतृत्व में समय-समय पर स्टार्टअप मेला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन विशेष सत्र आदि का आयोजन किया जा रहा है. विश्वविद्यालय की इन्नोवेशन हब में पंजीकृत विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं स्टार्टअप आज सफल कंपनी के रूप में नाम कमा रहे हैं।

## विशेष बच्चों में वितरित किया उपहार



**लखनऊ।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज पाण्डेय ने दृष्टि सामाजिक संस्था के विशेष बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को उपहार वितरित किया। बच्चों के चेहरे भी उन्हें देखकर खिल गये। इस मौके पर सहा0 कुलसचिव डॉ0 आयुष श्रीवास्तव, सहा0 कुलसचिव सुनील पाण्डेय अन्य लोग मौजूद रहे। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं फॉमेसी संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संयुक्त रूप से माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में ग्राम रैथा एवं दुग्गोर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर में शनिवार को चैथे दिन साफ-सफाई की गयी। इस दौरान इस दौरान ग्राम के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## अवध कॉलेजिएट में नये सत्र की शुरुआत



**लखनऊ।** आज अवध कॉलेजिएट में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। सुबह विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। नए सत्र के पहले दिन विद्यालय में विद्यार्थियों का स्वागत फूलों की पंखुड़ियों और उपहार देकर किया गया। इस अनोखे स्वागत से छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे, खासकर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका श्रीमती जतिंदर वालिया ने मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ माल्यार्पण की एवं सभी छात्रों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शाखाओं की प्रधानाचार्याओ ने एवं डॉ. ब्रह्मजोत कौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस सत्र में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नई योजनाएं और गतिविधियां शुरू की जाएंगी। अवध कॉलेजिएट का यह नया सत्र छात्रों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो, यही सभी शिक्षकों ने कामना की।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए विधायक ने दिए 10 लाख

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सभागार में द रिचमंड फैलोशिप सोसाइटी (इंडिया), लखनऊ शाखा की ओर से ह्यमानसिक स्वास्थ्य, संबंधों में द्वंद्व एवं युवाह्न विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है और सामाजिक कलंक के कारण लोग समय पर उपचार नहीं ले पाते। बताया गया कि देश में 10 प्रतिशत से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने संस्था की मांग स्वीकार करते हुए सीएसआर के तहत 10 लाख रुपये का सहयोग प्रदान किया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होंगे। साथ ही सुझाव दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित संक्षिप्त पाठ्यक्रम उत्तर प्रदेश बोर्ड की कक्षा 10 की पुस्तकों में शामिल किया जाए, जिससे लाखों विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़े।

## अलीगढ़ के मुख्य अभियंता इंजीनियर का निलंबन वापस हो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की लखनऊ में हुई एक आकस्मिक बैठक में सभी अभियंताओं ने अलीगढ़ के बेहद मेहनती एवं ईमानदार मुख्य अभियंता इंजीनियर पंकज अग्रवाल के अन्याय पूर्ण निलंबन के विरोध में बैठक कर कड़ा विरोध जताया। संघ के महासचिव इंजीनियर जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा इंजीनियर पंकज अग्रवाल मुख्य अभियंता अलीगढ़ को स्मार्ट मीटर से सम्बंध में उपभोक्ताओं द्वारा समय-समय पर जानकारियां मांगे जाने एवं जनपद के जनप्रतिनिधिगणों द्वारा शिकायतों के निस्तारण न करने के लिए व अन्य वाणिज्यिक पैरामीटर जैसे राजस्व वसूली जैसे कार्यों में लापरवाही बरतने जैसे एक तरफा व मनगढ़ंत आरोपों में निलंबित किया गया है। मुख्य अभियंता द्वारा लगातार हजारों की संख्या में काटे जा रहे प्रीपेड मीटर की उपभोक्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं को निस्तारित किया गया था, तथा जनप्रतिनिधियों से भी लगातार संपर्क में रहकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान में दिन रात काम किया गया। रिपोर्ट के अनुसार अलीगढ़ क्षेत्र का प्रोग्रेसिव राजस्व वसूली गत वर्ष के सापेक्ष 0.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इनपुट एनर्जी गत वर्ष के सापेक्ष 5.86 की कमी हुई है, थ्रूरेट में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि हुई है, कलेक्शन एफीसिएनसी में 2.27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, एटीएंडसी हानियों में 1.61 प्रतिशत की कमी लाई गई है।

# यहियागंज में होली-ईद मिलन समारोह संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यहियागंज व्यापार मंडल द्वारा गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में भव्य होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन जगदीशपुर धर्मशाला, कोयला मंडी, ऐशबाग, लखनऊ में बड़े उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। यह सम्मान उनके व्यापारिक योगदान, सामाजिक सहभागिता एवं बाजार के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में यहियागंज व्यापार मंडल के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सौहार्द, एकता एवं आपसी विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम में झटपट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण एवं उत्साह का संचार किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि यहियागंज बाजार प्रदेश की सबसे बड़ी एवं ऐतिहासिक बाजारों में से एक है, जहां सभी धर्मों एवं समुदायों के व्यापारी वर्षों से मिल-जुलकर व्यापार कर रहे हैं। यहां गंगा-जमुनी तहजीब केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, नीरज गुप्ता, प्रशान्त गर्ग, नरेश कुमार, अनस शम्सी, संजय अग्रवाल, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, समीर जैन, सतीश मिश्रा, राजेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, हाजी सईद अहमद, रविकान्त श्रीवास्तव, नवीन मल्होत्रा, विनय गुप्ता, निखिल गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश ठाकुर, सुशील जायसवाल, रतन चौरसिया, हर्षित जायसवाल, कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं, सौहार्दपूर्ण संवाद एवं समाज में एकता बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

## भारत की एमआईसीई राजधानी बनने की ओर उत्तर प्रदेश अग्रसर : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एफएचआरएआई वेडिंग एवं मीटिंग्स-प्रोत्साहन-सम्मेलन-प्रदर्शनी (एमआईसीई) पर्यटन कॉन्क्लेव में सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से भारत की एमआईसीई राजधानी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को भारत की आर्थिक वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर पर्यटन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है।

डॉ. सिंह ने कहा कि वर्ष 2032 तक एमआईसीई उद्योग 1.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का हो जाएगा। भारत में यह क्षेत्र लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान देता है और 4.8 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है, इसके बावजूद भारत अभी भी वैश्विक पर्यटकों का सीमित हिस्सा ही आकर्षित कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे बुनियादी ढांचे के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ और सरोजनीनगर में प्रस्तावित एरोसिटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता शहर, बड़े सम्मेलन केंद्र और 2,500 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों जैसी पहलें पर्यटन और एमआईसीई उद्योग को नई गति देंगी।

डॉ. सिंह ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र को आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि एमआईसीई केवल पर्यटन नहीं बल्कि आर्थिक कूटनीति है।

# संशोधित पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



विशेष संवाददाता (vol)

- शकुन्तला विवि में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा संकाय के बौद्धिक अक्षमता विभाग की ओर से विवि परिसर स्थित कॉलेज फॉर द डेफ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. कौशल शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में संबद्ध महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यशाला में बी.एड. विशेष शिक्षा (आईडी) एवं एम.एड. विशेष शिक्षा (आईडी) के संशोधित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को तैयार करने पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) और रिहैबिलिटैशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम की संरचना, अधिगम परिणाम, सरल और नई शिक्षण विधियां, मूल्यांकन के तरीके तथा समर्थ पोर्टल के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए और बेहतर शिक्षण के सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम संरचना एवं क्रेडिट प्रणाली, समावेशी शिक्षण, प्रैक्टिकम एवं इंटर्नशिप, मूल्यांकन पद्धति और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान पूजा अग्रवाल, डॉ. महेश कुमार चौधरी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. जनवडकर कल्याणी, विभा तिवारी, चयानिका द्विवेदी, नेहा सिंह यादव और दानवीर गौतम आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास, शिक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूक किया



**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय श्रवण बाधितार्थ विभाग की ओर से राजकीय संकेत विद्यालय एवं समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास, शिक्षा, अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। उद्घाटन सत्र में डॉ. रुपाली शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, संकेत विद्यालय के प्राचार्य हरिशंकर और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने कहा कि समाज में आज भी बधिर बच्चों को लेकर कई भ्रांतियां मौजूद हैं, जो उनके विकास में बाधा बनती हैं। उन्होंने अभिभावकों को सही जानकारी एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. सीताराम पाल ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सहायक प्रोफेसर डॉ. चेत नारायण पटेल ने शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। विभाग के विशेष शिक्षक डॉ. अर्जुन प्रसाद ने बधिर बच्चों की शिक्षा के विभिन्न विकल्पों पर चर्चा करते हुए शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप के लाभ बताए। अतिथि व्याख्याता डॉ. कौशलेन्द्र कुमार ने बधिरता के कारणों और शुरूआती लक्षणों की जानकारी देते हुए समय रहते उपचार और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मध्यांचल ने अभियान में दर्जन भर बिजली चोरों को पकड़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निर्देशन में बड़े विद्युत बकायेदारों एवं विद्युत चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं पर विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही करते हुये प्राथमिकी भी थाने में दर्ज कराई गई। जिसमें जानकीपुरम क्षेत्र के वर्टिकल व्यवस्था के तहत अधिशासी अभियंता रेड एसेसटमेंट एन्ड कलेक्सन जानकीपुरम के द्वारा विधुत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने के लिए प्रवर्तन दल के साथ मोहल्ला अजीज नगर एवं गाजीपुर बलराम मे सघन मॉर्निंग रेड चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे 58 नेगेटिव बैलेंस स्मार्ट मीटर के कनेक्शन को चेक किया गया 5 उपभोक्ताओ के परिसर बंद मिले तथा 5 उपभोक्ताओ के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अतिरिक्त केबिल जोड़ कर डायरेक्ट विधुत चोरी करते पाए गए जिसमें नूरजहाँ पत्नी मो मोईन निवासी गाजीपुर बलराम माड़ियाव 2 किलोवाट, श्रीमती मृदुल मिश्रा पुत्र रामयस मिश्रा निवासी गाजीपुर बलराम माड़ियाव 4 किलोवाट, जाहिदअली पत्नी स्व आबिद अली निवासी अजीज नगर 2 किलोवाट, मो जैद पुत्र हाफिज निवासी अजीज नगर 1 किलोवाट, जफर अली पुत्र अतीक अहमद निवासी अजीज नगर 2 किलोवाट उपरोक्त सभी के विरूद्ध धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। अधिशासी अभियन्ता-रेड, गोमती नगर क्षेत्र में निगेटिव बैलेंस बकाये पर काटे गये कनेक्शन पर की कार्यवाही किया गया। प्रतिदिन रेड टीम गोमती नगर क्षेत्र द्वारा चेक करते हुए कार्यवाही की जा रही है एवं उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड कराते हुए रिचार्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुल 38 उपभोक्ताओं के परिसर को चेक किया गया जिनमें 27 नग उपभोक्ताओं को समझाकर रिचार्ज कराया गया एवं 9 कनेक्शन उपभोक्ताओं के परिसर बन्द पाये गये। जिसमें 2 उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत का उपभोग करते पाये गये, जिनके विरूद्ध नियमानुसार विद्युत थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिसमें नन्हे यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव बहादुरपुर, कल्याणपुर एवं अनिल सिंह पुत्र सीताराम सिंह अमराई गांव 8840905335 पर एफआईआर दर्ज की गयी। मध्य जोन के रेड टीम द्वारा निगेटिव बैलेंस पर विच्छेदित हुए कनेक्शन की ठाकुरगंज, राजाजीपुरम, व अमीनाबाद क्षेत्र में चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान किसी भी उपभोक्ता के परिसर पर कोई भी विद्युत अनियमितता नहीं पाई गई। जिसमें बिल सम्बन्धी कुल 15661 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 15561 शिकायतों का निस्तारण हो चुका है बाकी 94 शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है। 1912 पर मीटर सम्बन्धी 53, सप्लाई सम्बन्धी 585 व बिल सम्बन्धी 27 शिकायतें दर्ज हुई। अमौसी क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने के लिए पूर्व चयनित सक्सेस स्टोरी फीडरों में प्रवर्तन दल, विभागीय टीम के साथ सद्यन मॉर्निग रेड अभियान चलाया गया जिसमें 15 कनेक्शन को चेक किया गया तीन उपभोक्ताओं के परिसर बंद मिले तथा 4 उपभोक्ताओं के कनेक्शन टीडी मिले और 8 उपभोक्ताओं ने अपना विद्युत बिल रिचार्ज करा लिया था।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# रुपयों के विवाद में पड़ोसी ने पेट्रोल डालकर युवक को जलाया



●युवक पर बहन ने लगाया शराब व ड्रग्स का नशा करने का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज इलाके में पैसा देने से मना करने पर शराबी पड़ोसी ने युवक के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पीड़ित युवक झुलस गया है। घटना के बाद युवक के परिवार ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

त्रिवेणी नगर-03 अलीगंज निवासी राकेश यादव की बहन रानी यादव ने पुलिस से की शिकायत में बताया है कि बुधवार को उनका भाई राकेश यादव अपना काम करके घर वापस आ रहा था। मूंगफली मण्डी के रास्ते में पड़ोस का रहने वाला अमर सिंह उर्फ बलगर नाम का लड़का मिल गया। वो भाई से पैसा मांगने लगा। जिसका भाई ने विरोध किया तभी बलगर भाई के साथ मारपीट पर उतारू हो गया।

इस दौरान अमर सिंह उर्फ बलगर ने अपनी जेब से पेट्रोल की बोतल निकाली और डालकर आग लगा दी, जिससें राकेश काफी झुलस गया। राकेश का हाथ, कान व पीठ झुलस गया है। उसको इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष एक दूसरे के पूर्व परिचित हैं। किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

उधर, बहन रानी ने बताया कि आरोपी युवक बलगर काफी दबंग किस्म का है। पूरा मोहल्ला उससे डरता है। शराब और ड्रग्स का नशा करके अक्सर लोगों से मारपीट करता है। इसके पहले भी कई बार कर इस तरह की हरकतें कर चुका है। राह चलते दूसरों की जेब से पैसा निकाल लेता है।

## दबंग पिता-पुत्र ने दलित को पीटा दी जातिसूचक गालियां व धमकी

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे बीते गुरूवार सुबह एक दबंग पिता पुत्र ने मुकदमे में पेशी मे जाने को लेकर एक दलित को जातिसूचक गालियां देते हुए जमकर पिटाई कर उसे जान से मारने की धमकी दी है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित ग्राम अलीनगर सुनहरा निवासी राम सागर ने बताया बीते 26 मार्च गुरूवार की सुबह वह दिनचर्या कार्य कर हाथ-मुंह धो रहा था। आरोप है कि उसी दौरान गांव में ही रहने वाले दयाशंकर यादव अपने बेटों अर्जुन यादव और दारा के उनके घर आ गए और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद मे मुकदमे में पेशी मे जाने की बात कह तीनों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उसपर हमलावर हो पीटाई करने लगे। वही पीडित का कहना था उक्त पिता पुत्रो ने उसे पेशी पर जाने की बात कहते हुए बंदूक से उसे पूरे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे दबंग पिता पुत्रो के खिलाफ नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मारपीट धमकी सहित एसीएसटी की धारा में शनिवार को केस दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही हैं।

## धारदार हथियार से हमला, दो घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात जागरण के दौरान रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कुछ युवकों ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बंथरा गांव निवासी विक्की सिंह चौहान उर्फ सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वह अपने मित्र विशेष सैनी के साथ 27 मार्च शुक्रवार रात गांव से कुछ दूर उम्मेद खेड़ा स्थित आनंदी माता मंदिर में जागरण देखने गए थे, वहां तरुण दूबे, संदीप लोधी और यश मिश्रा से दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में विक्की सिंह चौहान और उनके मित्र विशेष सैनी घायल हो गए।

## पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय को आईएसओ प्रमाण पत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय को आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त मिला है।

पुलिस महानिदेशक उ.प्र. राजीव कृष्णा के निर्देशन व नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ.प्र. के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय को उत्कृष्ट कार्यप्रणाली एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मुख्यालय द्वारा तकनीकी सेवाओं के संचालन, रख-रखाव एवं प्रबंधन में अपनाए गए उच्च मानकों को दशार्ती है।

तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा क्राइम एवं क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के सॉफ्टवेयर संचालन एवं तकनीकी सहायता, उपकरणों की खरीद एवं उनके अनुरक्षण, पुलिस कार्मिकों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने, विभिन्न तकनीकों के एकीकरण तथा सीसीटीएनएस के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, संबंधित प्रशासनिक एवं सहायक प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित एवं मानकीकृत किया गया है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है।

यह आईएसओ प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश पुलिस एवं तकनीकी सेवाएं मुख्यालय द्वारा जनसेवा, तकनीकी उन्नयन, नवाचार एवं आधुनिक पुलिसिंग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## महिला सिपाही ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**लखनऊ।** साइबर थाने में तैनात महिला सिपाही ने पति व सास-ससुर पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मूल रूप से मैनपुरी निवासी सिपाही प्रियंका लखनऊ साइबर क्राइम थाने में तैनात है। वर्तमान में वह कमता इलाके में किराए पर रह रही है। प्रियंका की शादी अक्टूबर 2020 फरुर्खाबाद के रहने वाले शिवम कुमार से हुई थी। शादी के चार माह के अंदर ही पति ने बाइक व 10 लाख की मांग की। मांग पर मायकेवालों ने करीब डेढ़ लाख की बाइक दी। 10 लाख की मांग पूरी न होने पर शिवम ने पत्नी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पति ने 8 मार्च 2022 को प्रियंका से साढ़े आठ लाख का लोन निकलवा लिया। प्रताड़ना देख पीड़िता ने 5 जनवरी 2023 को डेढ़ लाख और दिए। यही नहीं पति ने शादी में मिली चेन भी बेच दी। 30 दिसंबर 2024 को प्रियंका ने वेतन खाते पर लोन लेकर डेढ़ लाख पति को दिए। प्रताड़ना और रुपये की मांग से परेशान पीड़िता ने विरोध किया तो शिवम ने गला दबाकर पीटा।

## इलाज के दौरान मौत पर वारिस भी ले सकेंगे मेडिकल खर्च

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी या पेंशनर की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाती है या वह दावा करने में असमर्थ हो जाता है, तो उसके कानूनी वारिस भी मेडिकल खर्च की प्रतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं। जस्टिस आलोक माथुर व जस्टिस अमिताभ कुमार राय की पीठ ने यह निर्णय चंद्र चूड़ सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याची के पिता सेवानिवृत्त डिप्टी रजिस्ट्रार थे। उनका लखनऊ के निजी अस्पतालों में इलाज हुआ था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। याची ने इलाज में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया था लेकिन विभाग ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि नियमों के तहत केवल लाभार्थी ही दावा कर सकता है। राज्य सरकार ने दलील दी कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा उपस्थिति) नियम, 2011 के तहत दावा केवल लाभार्थी द्वारा ही किया जा सकता है और याची इस श्रेणी में नहीं आता। साथ ही, प्रस्तुत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र में निर्धारित सीमित राशि का भी हवाला दिया गया। कोर्ट ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि नियम-16 की यह व्यवस्था मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करती है। अदालत ने कहा कि यदि किसी लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है या वह दावा करने में अक्षम हो जाता है, तो उसके कानूनी वारिसों को इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने रीडिंग डाउन के सिद्धांत को लागू करते हुए निर्देश दिया कि नियम-16 की व्याख्या इस प्रकार की जाए कि उसमें कानूनी वारिसों को भी शामिल माना जाए, विशेषकर तब जब कोई अन्य पात्र लाभार्थी मौजूद न हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि वारिस होने को लेकर कोई विवाद नहीं है, तो केवल तकनीकी आधारों पर दावा खारिज करना उचित नहीं है।

## हत्या के प्रयास में पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह समेत पांच बरी

**लखनऊ।** हत्या के प्रयास में पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह समेत पांच लोगों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। बताते हैं कि मिजार्पुर जेल से त्रिभुवन सिंह व वाराणसी से अजय सिंह को पुलिस ने पेश किया। एमपीएमएलए कोर्ट ने देर शाम फैसला सुनाया। अभियोजन की लचर पैरवी पर सवाल उठाए। वर्ष 2004 के गैंगवार में तत्कालीन विधायक मुख़्तार अंसारी पर जानलेवा हमला करने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह उर्फ गुड्डू को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

अदालत ने अपना फैसला शनिवार देर शाम लगभग 6:30 बजे सुनाया। अदालत ने आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए लचर पैरवी पर सवाल उठाया और कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित करने में असफल रहा है। लिहाजा आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। शनिवार को फैसला सुनाए जाने के पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए जबकि अन्य मामले में मिजार्पुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया।

**वाराणसी कैंट में तड़तड़ाई थीं गोलियां:** पत्रावली के अनुसार मऊ के तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी ने कैंट थाने में 13 जनवरी 2004 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ अपनी गाड़ी से जा रहे थे, जैसे ही कैंटोमेंट चौराहे पर पहुचे, तभी वहां पहले से चौराहे के इर्द गिर्द टाटा सफारी, बोलेरो, टाटा सूमो सहित कई गाड़िया खड़ी थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे ही उनकी गाड़ियों को आता देखा तो विधायक कृष्णानंद राय के हाथ एमवी रायफल, त्रिभुवन सिंह के पास एके 47, बृजेश सिंह एसएलआर और अजय सिंह पिस्टल लेकर अपनी गाड़ियों से उतरे और उसकी हत्या की नीयत से गोलियां चलाने लगे। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि ललकारने पर उनके गिरोह के लगभग बीस सदस्य अपनी गाड़ियों से उतरे और अपने हाथों में बंदूक लिए, रायफल पिस्टल समेत अन्य हथियारों से फायरिंग करने लगे।

आरोप है कि इस फायरिंग से डर कर वादी (मुख्तार अंसारी), उसके परिवार के लोग और साथी हमले से बचने के लिए गाड़ियों से कूदकर आड़ में छिप गए। दूसरी गाड़ी में बैठे मुख्तार के चचेरे भाई गौस मोहिउद्दीन, अफरोज खान, सलीम समेत अन्य लोगों ने गाड़ियो की फॉग लाइट की रोशनी में आरोपियों को भली भांति पहचाना था। इस हमले में मुख्तार अंसारी की दो सफारी गाड़ियों पर आरोपियों की चलाई गई गोलियां लगी थीं, जिससे उनकी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इस घटना को लेकर तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय ने भी मुख्तार अंसारी के खिलाफ कैंट थाने में उसी दिन हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## मां की डांट से क्षुब्ध छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** हसनगंज थाना क्षेत्र में मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिवारीजन छात्रा को फंदे से उतारकर बलरामपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। डालीगंज के मनकामेश्वर मठ मंदिर के पास रहने वाले अरविंद कुमार सिक्योरिटी गार्ड के सुपरवाइजर हैं। परिवार में पत्नी सपना, एक बेटी लीजा उर्फ बेबो (17) और एक बेटा उदय है। परिजनों ने बताया कि लीजा डालीगंज के एक निजी स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। शुक्रवार को लीजा को मां ने किसी बात को लेकर डांट दिया। इसके बाद छात्रा गुस्से में वहां से कमरे में चली गई। कुछ देर बाद अरविंद कमरे में गए तो देखा कि बेटी फंदे से लटक रही थी।

## बन्द मकान का ताला तोड़कर चोरी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक बंद घर से लाखों रुपए के जेवर और नकदी की चोरी हो गई। चोरों ने घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के त्रिपुरारीनगर निवासी सुनीता पत्नी कमलेश 22 मार्च को अपने गांव गई थीं। 25 मार्च की शाम करीब 6 बजे जब वह वापस लौटीं, तो दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी का लॉक भी टूटा मिला। अलमारी से सोने-चांदी के लाखों रुपये के कीमती जेवर और लगभग 80 हजार रुपये गायब थे। सरोजनीनगर पुलिस ने सुनीता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एकजुट रहें युवा, भारत को महाशक्ति बनायें: डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** भागीदारी भवन में आयोजित युवा संसद में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं को एकजुटता, जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहां लगभग 60 प्रतिशत आबादी युवा है, जो देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को केवल प्रश्न पूछने के बजाय समाधान खोजने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि आंतरिक विभाजन के कारण कम संख्या में अंग्रेजों ने लंबे समय तक शासन किया, इसलिए जातिवाद और संकीर्ण सोच से ऊपर उठना आवश्यक है। डॉ. सिंह ने कहा कि मजबूत अर्थव्यवस्था और तकनीकी क्षमता भारत को सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्ति बना सकती है। उन्होंने डिजिटल शिक्षा, साइबर सुरक्षा और कौशल विकास पर जोर देते हुए युवाओं को नई तकनीकों में दक्ष बनने की सलाह दी। पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में पृथ्वी का तापमान लगभग 1.5 डिग्री बढ़ा है और जलस्तर गिर रहा है, इसलिए सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और हरित तकनीक अपनानी होगी। कार्यक्रम में राजकुमार पटेल, अभिनव पटेल सहित कई वक्ताओं ने भी विचार रखे।

## दुर्गाजी मंदिर से ज्योति विसर्जन यात्रा निकली

**लखनऊ।** शास्त्री नगर स्थित श्री दुर्गा जी मंदिर से ज्योति विसर्जन की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर के मीडिया प्रभारी राजेंद्र गोयल ने बताया कि हर साल नवरात्र में ज्वालादेवी जम्मू से मां ज्वाला की ज्योति श्री दुर्गा जी मंदिर लाई जाती है। शनिवार को भव्य शोभा यात्रा निकालकर मां ज्वाला की ज्योति को कुड़ियाघाट पर विसर्जित किया गया। यात्रा में मंदिर की ओर से ताराचंद, प्रदीप शुक्ला, अजय सिंह, रश्मि मेहरोत्रा आदि रहे।

## प्लाट दिलाने के नाम पर रि. कर्मी से ठगे 24.16 लाख

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में आवासीय प्रोजेक्ट बताकर रियल एस्टेट कंपनी एकुमेन लिजिंग एंड इंफ्रास्टेट ने सरकारी विभाग से रिटायर्ड कर्मी से 24.16 लाख रुपये ठग लिए। हजरतगंज के प्राग नारायण रोड स्थित जयप्रकाश नगर निवासी तारा चंद्र वर्मा ने बताया कि वर्ष 2013 में उनकी मुलाकात विजयकांत तिवारी उर्फ विजय कुमार से हुई। बातचीत में आरोपी ने खुद को एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी सदाफल प्लाजा स्थित रियल एस्टेट कंपनी एकुमेन लिजिंग एंड इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का डॉयरेक्टर बताया। तारा चंद्र ने मोहनलालगंज के ग्राम खुजौली स्थित योजना में तीन प्लॉट बुक कराए। डॉयरेक्टर विजयकांत ने अपने सहयोगी डॉयरेक्टर रविंद्र कुमार सलूजा से बैनामा करवाया।

पीड़ित ने चेक के माध्यम से 24,15,600 रुपये का भुगतान कंपनी को कर दिया था। कब्जे के लिए संपर्क करने पर आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। 12 अगस्त 2022 को आरोपियों ने एक जाली कब्जा प्रमाण पत्र दिया लेकिन भौतिक कब्जा नहीं दिया। दबाव बनाने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विजयकांत तिवारी श्रृंगारनगर आलमबाग, रविंद्र सिंह सलूजा निवासी सेक्टर-डी एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, इंद्रा प्रकाश पांडेय निवासी भदरूख बंगला बाजार आशियाना, अनुज मल्होत्रा निवासी इंदिरानगर व सुधेंदु सरकार निवासी सेक्टर-सी एलडीए कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**रियल एस्टेट कंपनी के सीएमडी पर 50 लाख रुपये हड़पने का आरोप:** प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 50 लाख रुपये हड़पने के आरोप में एक रियल एस्टेट कंपनी के सीएमडी के खिलाफ कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पूरी रकम लेने और रजिस्ट्री कराने के बावजूद न तो प्लॉट की लोकेशन बताई गई और न ही कब्जा दिया गया। उल्टे और रकम जमा करने के लिए नोटिस भेजकर मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है।

आलमबाग के मवैया निवासी अनीता मिश्रा पत्नी अनिल कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने समृद्धि इन्फ्रा डेवलपर्स कंपनी के सीएमडी रंजीत सिंह से कानपुर रोड स्थित हाईवे सिटी परियोजना में कंपनी के माध्यम से अपने व रिश्तेदारों के नाम कई प्लॉट बुक कराए थे। आरोप है कि कंपनी द्वारा प्लॉट की दर 300 रुपये प्रति वर्गफीट के हिसाब से तय की गई थी, जिसके बाद सभी ने मिलकर कंपनी में 50 लाख रुपये जमा किए थे। पीड़िता का कहना है कि पूरी रकम लेने के बावजूद कंपनी ने अभी तक प्लॉट की स्पष्ट लोकेशन नहीं बताई है। उल्टे शेष रकम जमा कराने के लिए नोटिस भेजकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार उनके पिता का निधन हो चुका है।

## भाजपा महानगर के कैंट मंडल में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैंट विधानसभा स्थित भारतीय जनता पार्टी, कैंट मंडल एक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडल कार्यशाला का आयोजन होटल होम इन आलमबाग में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि एमएलसी संतोष सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, मान सिंह, हरशरण लाल गुप्ता द्वारा किया गया।

अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है। एमएलसी संतोष सिंह ने कहा कि कहा कि सरकार की उपलब्धियां और कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। प्रथम सत्र उपरांत राज्यसभा सदस्य अमर पाल मौर्या, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी उपस्थित होकर कार्यशाला का निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि 25 मंडल में से पांच मंडल में कार्यशाला किया जा चुका हैं। शेष सभी मंडलों में किया जाना है।

## स्मार्ट प्रीपेड कनेक्शन निगेटिव में होने की जांच हो

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूरे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के एमडीएम व आरएमएस के बीच आईटी इंफ्रा की उच्च स्तरीय आईटी विशेषज्ञों से जांच करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 5 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर जो नेगेटिव बैलेंस में थे, उन्हें डिस्कनेक्ट किया गया। शाम 4 बजे तक की स्थिति के अनुसार लगभग 60 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना पॉजिटिव बैलेंस रिचार्ज किया, और उनमें से अधिकांश के कनेक्शन चालू हो गए। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार व विद्युत नियामक आयोग से मांग उठाई है कि पूरे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के आईटी सिस्टम एमडीएम व आरएमएस के बीच पूरे इंफ्रा की आईटी विशेषज्ञों से जांच करना चाहिए कि सिस्टम में कहां कमी है हालांकि, गाजियाबाद, सहारनपुर, नोएडा और दक्षिणांचल के कई जनपदों में रिचार्ज के बावजूद भी उपभोक्ताओं के कनेक्शन चालू नहीं हो पाए। इसका कारण यह है कि रिचार्ज राशि एमडीएम और आरएमएस सिस्टम में फंसी हुई थी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं के पॉजिटिव बैलेंस होने के बाद भी उनका रिचार्ज एमडीएम पर नहीं शो कर रहा था और उनका कनेक्शन कट गया जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब इतने कमांड पर सिस्टम अस्थिर हो गया, तो कल्पना कीजिए यदि सभी 5 लाख उपभोक्ताओं ने रिचार्ज किया होता तो सिस्टम पूरी तरह हैंग हो सकता था।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के सुकन्या समृद्धि योजना खाता संख्या-70055347 में उसका नाम सिदा मौर्या दर्ज है, जबकि उसका सही नाम आर्या सिंह है। मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। आरती मौर्या पत्नी दिग्यविजय सिंह नि. ग्राम नई बस्ती धनेवा पर. व तह. मलिहाबाद, जिला लखनऊ।

## सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र अंकुश वर्मा को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। विनोद कुमार वर्मा पुत्र स्व. छेदीलाल निवासी-ग्राम व पोस्ट पटरंगा, अयोध्या, हाल पता मं.न. 54/572, विमल नगर, कमता, चिनहट, लखनऊ।

## बेदखली/सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बडे पुत्र हंसराज को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरा परिवार को किसी भी तरह का कोई सरोकार नहीं होगा। चंद्र मोहन वर्मा पुत्र पितई निवासी पिपरी थाना असोहा जिला उन्नाव।

## सामूहिक कथक व शास्त्रीय गायन ने समां बांधा




**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शताब्दी वर्ष के श्रंखलाबद्ध कार्यक्रमों के अन्तर्गत शनिवार को कलामण्डपम प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय की एलुमनी डा. मीरा दीक्षित के निर्देशन में कथक संध्या का आयोजन संपन्न हुआ. इसमें मुख्य प्रस्तुतकर्ता गणों का विवरण निम्न प्रकार है। डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह (एकल कथक नृत्य) स्तुति राम भजन तीनताल में, इसमें उपज, थाट, आमद, तिहाई, टुकड़े, प्रमेलु, परने, गत आदि सम्मिलित हैं। इसका समापन शिव भजन के साथ हुआ। समूह कथक नृत्य (होली) बोल आज माई मोहन खेरें होरी चित्रांगदा मिश्रा सुश्री सुरभि निगम सुश्री तनुश्री अरिंदम सिंह मोहित गौतम। सहयोगी कलाकार, जौहर पाल (गायन) नितीश सिंह (तबला) मो.जीशान (सारंगी)।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मांडवी सिंह, कुलपति भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के सचिव श्री गिरीश चंद्र बहुगुणा ने किया तथा समापन अध्यक्षा डा.सीमा भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया. कार्यक्रम में आलोक कुमार पांडेय, नीरज शर्मा, एवं डॉ पूनम श्रीवास्तव सहित भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के अनेकों सदस्य उपस्थित हुए।

## 'रन फॉर एम्पावरमेंट' आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'रन फॉर एम्पावरमेंट' कार्यक्रम का भव्य आयोजन पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर के मार्गदर्शन में रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) अपर्णा कुमार पुलिस उपायुक्त (अपराध), अनिल कुमार यादव एवं अपर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नवीन सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (लेखा) अनुष्का एवं सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध) सौम्या पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

यह 'रन फॉर एम्पावरमेंट' दौड़ पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर हनुमान सेतु होते हुए के.डी. सिंह स्टेडियम पर संपन्न हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में लगभग 560 पुलिसकर्मियों (महिला एवं पुरुष) ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। साथ ही विभिन्न स्तर के पुलिस अधिकारियों द्वारा भी सक्रिय सहभागिता कर इस आयोजन को और अधिक प्रेरणादायक एवं प्रभावी बनाया गया।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने आयोजित की भव्य 'रन फॉर एम्पावरमेंट' दौड़ में 560 पुलिसकर्मियों ने जोश भरा। नारी सुरक्षा और स्वावलंबन का संदेश देने के लिए लखनऊ पुलिस के अधिकारी और जवान सड़कों पर उतरे। रन फॉर एम्पावरमेंट के जरिए 1090, 112 और 1930 जैसी आपातकालीन सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला प्रतिभागियों को पुलिस आयुक्त ने नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखनऊ पुलिस द्वारा दौड़ से समाज को महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी का अहसास दिलाया गया।

## ईंधन अधिभार शुल्क बढ़ाने से बढ़ सकता है बिजली बिल

**लखनऊ।** मार्च 2026 माह मे ईंधन अधिभार शुल्क के मामले में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली थी। मार्च में ईंधन अधिभार में 2.42 प्रतिशत की कमी की गई थे, जिससे उपभोक्ताओं को लगभग 141 करोड़ रुपये का लाभ मिले रहा। उपभोक्ता परिषद ने कहा लेकिन अब एक बार फिर चिंता की बात है की, अप्रैल 2026 में बिजली दरों में फिर से बढ़ोतरी होगी। इसका कारण है जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क का जो आदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी किया गया है उसके अनुसार अप्रैल 2026 के बिल में ईंधन अधिभार शुल्क की दर 2.14 प्रतिशत है, जिसका अर्थ है कि अप्रैल में उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से की गई अधिक वसूली और पुराने औसत बिलिंग दर से हुई वसूली के मामले में परिषद की लड़ाई जारी रहेगी। परिषद का उद्देश्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना और किसी भी प्रकार की अनुचित वसूली को रोकना है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 सौ करोड़ से ज्यादा का सरप्लस है ऐसे में जो ईंधन अधिभार शुल्क हर महीने वसूला जा रहा है वह पूरी तरह गलत है विद्युत नियामक आयोग से यह भी मांग उठाई जा रही है कि पावर कारपोरेशन का जो फामूर्ला है उसे चेंज किया जाए उसके आधार पर वह केवल हर महीने इस मद में बढ़ाने की बात करते हैं कभी-कभी जब ज्यादा हल्ला मचता है तो उपभोक्ताओं का भी फायदा थोड़ा बहुत कर देते हैं जो पूरी तरह जांच करने योग्य प्रकरण है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- अमरुपुर, वि.ख.-प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-28.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत अमरुपुर, विकासखंड प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 29.03.2026 से दिनांक- 04.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अमरुपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 04.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | अमरूपुर पंचायत भवन के सामने इंटरलाकिंग कार्य। माप- 200 मीटर। | 1.90 लाख रुपए | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सामुदायिक शौचालय अमरूपुर मरम्मत कार्य। 1 नग। | 1.35 लाख रुपये। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- अमरुपुर, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

# नैना के किरदार ने मेरे करियर को नयी पहचान दी : संदीपा धर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बॉलीवुड और ओटीटी की प्रतिभाशाली एक्ट्रेस संदीपा धर इन दिनों अपनी फिल्म दो दीवाने सहर में को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके किरदार नैना को दर्शकों और समीक्षकों से भरपूर सराहना मिल रही है। खास बातचीत में संदीपा ने अपने किरदार, सह-कलाकारों और आने वाले प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की।

**दो दीवाने सहर में फिल्म में आपके किरदार नैना को मिल रहे प्यार पर आप क्या कहेंगी ?**

मुझे सच में लगता है कि यह दौर परफॉर्मेंस को असली पहचान देने वाला है. पहले फिल्मों में चर्चा सिर्फ हीरो-हीरोइन तक सीमित रह जाती थी, लेकिन अब दर्शक कहानी और अभिनय को ज्यादा महत्व देने लगे हैं. आज अगर कोई भी कलाकार अपने किरदार में सच्चाई और गहराई लाता है, तो उसे खुलकर सराहा जाता है। नैना का किरदार मेरे लिए बेहद खास और चुनौतीपूर्ण था। यह एक लेयर्ड कैरेक्टर था—एक तरफ वह ग्लैमरस और आत्मविश्वासी दिखाई देती है, तो दूसरी तरफ उसके भीतर कई भावनात्मक परतें भी हैं. लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करना मेरे लिए बेहद खास और भावुक पल था. सिनेमा हॉल में दर्शकों की प्रतिक्रियाएं देखना और उनकी तालियां सुनना एक कलाकार के लिए सबसे बड़ी संतुष्टि होती है।

**फिल्म के क्लाइमैक्स में मृणाल ठाकुर के साथ आपका कॉन्फ्रंटेशन सीन काफी वायरल हो रहा है। आप इसपर क्या कहना चाहेंगी ?**

वह सीन फिल्म का टर्निंग पॉइंट था। मुझे पता था कि मेरे पास सीमित दृश्य हैं और उन्हीं में दर्शकों तक भावनात्मक यात्रा पहुंचानी है. हमने लगभग पांच मिनट का सीन एक ही टेक में शूट किया, क्योंकि निर्देशक रवि उदयावर चाहते थे कि भावनाओं की निरंतरता बनी रहे। मृणाल ठाकुर बेहद टैलेंटेड और मेहनती अभिनेत्री हैं. उनकी सबसे खास बात यह है कि वह बिना ज्यादा दिखावे या अतिरिक्त प्रयास के भी बेहतरीन सीन दे जाती हैं. उनकी एक्टिंग में एक अलग ही सहजता और सच्चाई नजर आती है, जो सीधे दिल को छू लेती है. सेट पर भी वह बेहद प्रोफेशनल और सहयोगी रहती हैं. मेरे साथ उनका बहुत अच्छा बॉन्ड है. हम दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है और वह अक्सर मुझे रील्स भी भेजती रहती हैं. हमारे बीच की यह प्यारी समझ और तालमेल काम को और भी आसान बना देता है. मैं चाहती हूं कि हमारा यह बॉन्ड आगे भी ऐसे ही बना रहे और हम भविष्य में भी साथ काम करते रहें। वहीं सिद्धांत चतुर्वेदी की बात करूं तो उन्होंने फिल्म में शानदार काम किया है. उनका किरदार आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने उसे बेहद रियल तरीके से निभाया. पूरी कास्ट और सपोर्टिंग एक्टर्स के साथ सेट का माहौल बहुत सकारात्मक और तनावमुक्त था।

**संजय लीला भंसाली के बैनर के साथ काम करना हर किसी का सपना होता है, क्या कहना चाहेंगी आप ?**

हर कलाकार का सपना होता है कि वह संजय लीला भंसाली जैसे बड़े और मशहूर निर्देशक के साथ काम करे, उनकी फिल्मों के सेट बहुत भव्य और खूबसूरत होते हैं। लाइटिंग, म्यूजिक और हर सीन को पेश करने का उनका तरीका अलग और खास होता है, जो फिल्म को शानदार बना देता है. इस फिल्म की बात करूं तो इसमें मुझे ग्लैमरस अंदाज में दिखाया गया, जो मेरे लिए एक नया और यादगार अनुभव रहा. इस तरह के किरदार को निभाना मेरे करियर के लिए भी खास रहा. मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला. आगे भी मैं उम्मीद करती हूं कि उनके साथ दोबारा काम करने का अवसर जरूर मिले।

**आगे किन प्रोजेक्ट्स में देखेंगे ?**

जल्द ही आप मुझे नेटफ्लिक्स की सीरीज चुंबक में देखेंगे, जिसे आतिश कपाड़िया डायरेक्ट कर रहे हैं. यह एक क्रेजी और मस्ती से भरपूर कॉमेडी शो है. आतिश सर के साथ काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा है—उनकी लेखनी और निर्देशन कमाल का है। इसके अलावा मैं टी-सीरीज की फिल्म लक्ष्मण होटल का भी हिस्सा हूं. यह प्रोजेक्ट भी काफी अलग और दिलचस्प है। इसके साथ ही मैं एक गाँव की कहानी में भी काम कर रही हूं।

## शपथ ने पुलिस इंस्पेक्टर को फेक एनकाउंटर करने से बचा लिया



● माई फर्स्ट एनकाउंटर नाटक का मंचन

**लखनऊ।** सवेरा फाउण्डेशन की ओर से माई फर्स्ट एनकाउंटर नाटक का मंचन किया गया। बौद्ध शोध संस्थान में श्रीपाल के निर्देशन में मंचित नाटक में पुलिस कार्य शैली दिखायी गई। नाटक की कहानी में दिखाया कि कैसे एक प्रदेश के सीएम के आदेश पर जिलाधिकारी पुलिस अधिकारियों को अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए क्षेत्र में एक-एक एनकाउंटर करने को कहते हैं। सभी पुलिस कर्मी ऐसा करने में लगे जाते हैं लेकिन एक पुलिस इंस्पेक्टर विक्रम सिंह भी अपने थाना क्षेत्र में एनकाउंटर करना चाहते हैं लेकिन वहां कोई बड़ा अपराध नहीं होता है। ऐसे में वो फर्जी एनकाउंटर की कोशिश करते हैं और मामूली चोर को फर्जी वारदात में फंसा कर एनकाउंटर करना चाहते हैं तभी एक कांस्टेबल विक्रम सिंह को पुलिस में ज्वाइनिंग के समय ली गई शपथ दिलाते हैं और विक्रम सिंह को समझ आता है कि वो गलत करने जा रहे हैं और एनकाउंटर फैसला त्याग देते हैं। इसके बाद उनके थाने को अपराध मुक्त थाने का अवार्ड मिलता है।

# कामदा एकादशी व्रत आज, शिववास योग में होगी श्रीहरि की आराधना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं कामदा एकादशी के बारे में, जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है। मान्यता है इस दिन व्रत को श्रद्धा और नियम के साथ करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। वहीं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस दिन शिववास योग बन रहा है, जो साधना और मंत्र जप के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना जाता है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 28 मार्च को सुबह 8 बजकर 46 मिनट पर होगी। वहीं एकादशी तिथि का समापन 29 मार्च को सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर होगा। कामदा एकादशी का व्रत 29 मार्च 2026 को रखा जाएगा।

**कामदा एकादशी व्रत का शुभ मुहूर्त:** कामदा एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त का आरंभ सुबह 5 बजकर 2 मिनट से सुबह 5 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। वहीं अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 19 मिनट से दोपहर 1 बजकर 8 मिनट तक रहेगा। ये दोनों ही मुहूर्त कामदा एकादशी की पूजा के लिए उत्तम रहेगा। इन मुहूर्तों में आप पूजा- अर्चना कर सकते हैं।

**कामदा एकादशी का महत्व:** कामदा एकादशी का व्रत धार्मिक दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली माना गया है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और व्रत करने से व्यक्ति के सभी प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। पुराणों के अनुसार, कामदा एकादशी का व्रत करने से न केवल इस जन्म के बल्कि पूर्व जन्म के पाप भी समाप्त होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

**पूजा की विधि:** पूजा के दिन सुबह जल्दी उठकर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें. यदि संभव हो तो इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनें, इसे शुभ माना जाता है। इसके बाद पूजा घर की सफाई करें और गंगाजल का छिड़काव करें. फिर बैठकर हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद एक चौकी लें और उस पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं. भगवान विष्णु की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित करें. उन्हें पीले फूल, फल, अक्षत और चंदन अर्पित करें. फिर धूप-बत्ती, अगरबत्ती और दीपक जलाएं। भगवान विष्णु को भोग लगाएं. तुलसी दल उन्हें अत्यंत प्रिय है, इसलिए भोग में इसे अवश्य शामिल करें. ध्यान रहे कि एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए, इन्हें एक दिन पहले ही तोड़कर रख लें. इसके बाद भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करें। कामदा एकादशी की व्रत कथा पढ़ें या सुनें और अंत में विष्णु जी की आरती करें. शाम को दीपदान करें और अगले दिन पारण करें।

## प्रदोष व्रत कल, भक्त करेंगे शिव जी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत का विधान है। यह तिथि भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र और फलदायी मानी जाती है। मान्यता है कि, इस व्रत में प्रदोष काल में की गई शिव उपासना विशेष रूप से प्रभावशाली होती है, क्योंकि इस समय संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा शिव तत्व से अधिक जुड़ी होती हैं। इससे व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मबल और जीवन में संतुलन प्राप्त होता है। साथ ही, यह व्रत जीवन में आ रही बाधाओं को दूर करने और मनोकामनाओं की पूर्ति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 30 मार्च को सुबह 7 बजकर 9 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 31 मार्च को सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत, सोमवार 30 मार्च 2026 को रखा जाएगा। प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर शमी का फूल अर्पित करना अत्यंत शुभ माना जाता है। शमी को पापों का नाश करने वाला और शनि दोष को शांत करने वाला माना गया है। शिवलिंग पर गेहूं अर्पित करना अन्न और समृद्धि का प्रतीक है। इससे घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। शिवलिंग पर शहद चढ़ाने से शरीर और मन दोनों को शुद्धता प्राप्त होती है। यह सेहत से जुड़ी परेशानियों को दूर करने का भी कारगर उपाय है। शिवलिंग पर जल अर्पित करना सबसे सरल और प्रभावी पूजा मानी जाती है। जल अभिषेक से मन को शांति मिलती है, क्रोध और तनाव कम होता है। गुड़ अर्पित करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। यह जीवन में मिठास और संबंधों में मधुरता लाने का प्रतीक है। साथ ही भोलेनाथ प्रसन्न होकर अपनी विसेष कृपा बरसाते हैं।

**प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्व:** धार्मिक मान्यता है कि प्रदोष व्रत रखने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। सोम प्रदोष व्रत विशेष रूप से विवाह, संतान सुख और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कुंडली के दोष भी शांत होते हैं।

**प्रदोष व्रत की पूजा विधि:** प्रदोष की पूजा के लिए सुबह उठकर स्नान करके साफ कपड़े पहन लें। इसके बाद प्रदोष व्रत का संकल्प लें। इस व्रत को फलाहार या निर्जला अपने हिसाब से रखा जा सकता है। प्रदोष व्रत की पूजा शाम में ही होती है तो ऐसे में एक बार सूर्यास्त से पहले स्नान कर लेना शुभ होता है। पूजा के लिए भगवान शिव और मां पार्वती की मूर्ति या फिर तस्वीर को स्थापित करें। धूप और दीया जलाएं।

## 'मध्यांतर' में दिखा आस्था, विश्वास और समर्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सूर्या थिएटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी द्वारा नाटक मध्यांतर का मंचन शनिवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षाग्रह, भातखण्डे, कैसरबाग, लखनऊ में किया गया।

मध्यांतर का मतलब होता है दो के बीच में अंतर। या यूं कहें कि दूरी का पैदा होना मध्यांतर कहलाता है। इस नाटक में भी पति-पत्नी के बीच कुछ समस्याओं को लेकर दूरियां पैदा हो जाती हैं। नाटक के अनुसार सम्बंध में स्वार्थ नहीं समर्पण और त्याग होना चाहिए। इस नाटक में दर्शकों को उद्वेलित करने वाली अतिरंजना और अति नाटकीयता नहीं दिखी।

बल्कि नाटक में महसूस करने वाली संवेदना को प्रमुखता दी गई थी। नाटक में एक ओर जहां छटपटाहट है, आक्रोश है, अपनापन है, विमुखता है तो वहीं दूसरी ओर बेबसी भी है। जयवर्धन के लिखे इस नाटक के अनुसार केशव और कनिका पति-पत्नी हैं। केशव एक प्राइवेट ड्रामा स्कूल में अभिनय और निर्देशन का टीचर है। उनका दाम्पत्य जीवन सामान्य रूप से ठीक चल रहा था कि तभी एक दुर्घटना में केशव अपाहिज हो जाता है। जिसके कारण उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। ऐसी हालत में घर चलाने के लिए कनिका को नौकरी करनी पड़ती है। उस दुर्घटना में पैर टूट जाने के कारण केशव अपाहिज होता है। बाद में पता चलता है कि दुर्घटना के चलते अब वह बच्चे भी पैदा नहीं कर सकता है। इससे उसके दाम्पत्य जीवन में दरार आने लगती है।केशव महसूस करता है की कनिका को मां न बन पाने की कसक अंदर ही अंदर उसे तोड़ रही है। ऐसे में एक दिन केशव, उसकी शादी अपने दोस्त, रम्मी से करने का प्रस्ताव कनिका के समक्ष रखता है। इस पर कनिका कहती है कि स्त्री और पुरुष के सम्बंधों की सार्थकता एक दूसरे के प्रति आस्था, विश्वास और समर्पण में है, ना कि स्वार्थ जैसे तुच्छ मानवीय विकारों में। वह कहती है कि वह दोनों एक दूसरे के पूरक है ना कि बोझ। ऐसे में वह केशव से अलग जीने की कल्पना से भी सिहर उठती है। मंच पर ज्ञान की भूमिका राहुल मिश्रा, छाया की एकता सिंह, जयंत की विवेक मिश्रा 'विष्णु', लोरी की अनन्या सिंह ने निभाई।

## प्रकाश पर्व पर 5 को निकलेगा विशाल नगर कीर्तन

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी द्वारा वैसाखी एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 5 अप्रैल को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। 5 अप्रैल को नगर कीर्तन प्रातः 6:30 बजे गुरद्वारा नाका हिंडोला से चलकर 10:00 बजे गुरुद्वारा यहियागंज पहुंचेगा। गुरद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में इस नगर कीर्तन में लखनऊ शहर की सभी सिख संस्थाएं एवं सभी गुरुद्वारा साहिब शामिल होंगे।

नगर कीर्तन पर आगे आगे गतका दल अपने जौहर दिखाएगा। नगर कीर्तन में विशेष रूप से स्कूल के बच्चों का बैंड होगा नगर कीर्तन में विशेष रूप से गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी द्वारा मिस्सी रोटी व प्याज का प्रसाद वितरित किया जाएगा। पांच प्यारों की अगुवाई में फूलों से सजी पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी शोभायमान होंगे। नगर कीर्तन में विशेष रूप से गुरु गोबिंद सिंह जी स्टडी सर्किल, अमृत सेवक जत्था, सुखमनी सेवा सोसायटी, यंग मैन एसोसिएशन, सिख सेवक जत्था, यूथ खालसा एसोसिएशन भाग लेंगे। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज एवं खालसा इंटर कॉलेज के बच्चों का बैंड शामिल होगा। बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के द्वारा रकाबगंज चौराहे पर संपूर्ण नगर कीर्तन पर फूलों की वर्षा की जाएगी।

## तुगलक में दिखी 14वीं शताब्दी के शासक की कहानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग सें उमंग फाउंडेशन की नवीनतम प्रस्तुति के अन्तर्गत प्रसिद्ध नाटककार गिरीश कर्नाड द्वारा रचित ऐतिहासिक नाटक तुगलक का प्रभावपूर्ण मंचन गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्याल के सभागार में किया गया। राहुल शर्मा की परिकल्पना एंव निर्देशन में नाटक के कलाकारो द्वारा मंच सें जीवंत एंव प्रभावशाली प्रस्तुति ने सत्ता, राजनीती और मानव स्वभाव की दशा को इतिहास के पन्नो सें उजागर कर दर्शकों को अतीत की गहराईयों में ले जाकर आदर्शवादी व्यक्ति की सबसे विशेष खूबी संतुलन बनाये रखने की शिक्षा को देने का असरदार प्रयास किया है।

यह प्रस्तुति केवल ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति नहीं बल्की समाज के लिए एक आईना है जो जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा का सशक्त मंच बनकर उभरी जिसने दर्शकों में गहरी विचारधारा को जन्म दिया। नाटक में दशार्या गया कि उच्च आदर्श और वास्तविकता के बीच संतुलन न बना पाने के कारण एक शासक का भी पतन हो जाता है। नाटक तुगलक की कहानी दिल्ली सल्तनत के शासक मूहम्मद बिन तुगलक के जीवन और शासन पर आधारित है। नाटक में तुगलक को एक बुद्धिमान, आदर्शवादी लेकिन विरोधाभासी शासक के रूप में दिखाया गया है। वह अपने शासन में न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समानता स्थापित करना चाहता है, लेकिन उसके फैसले-जैसे राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद स्थानांतरित करना और तांबे के सिक्कों को चलन में लाना-व्यवहार में असफल साबित होते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, तुगलक का आदर्शवाद टूटता जाता है और वह क्रूर, संदेहपूर्ण तथा तानाशाही शासक बन जाता है। उसके निर्णयों के कारण जनता में असंतोष बढ़ता है और राज्य में अराजकता फैल जाती है। अंततः नाटक यह दशार्ता है कि उच्च आदर्शों और वास्तविकता के बीच संतुलन न बना पाने के कारण तुगलक का पतन होता है। यह नाटक सत्ता, राजनीति और मानव स्वभाव की जटिलताओं को गहराई से प्रस्तुत करता है। नाटक में तमाल बोस, अनामिका सिंह, गुरुदत्त पांडे, शशांक पांडेय, रोहित श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, ललित कुमार, आनंद यादव, विनय गुज्जर, सनुज प्रजापति, रवि सिन्हा, ओम प्रकाश केवलानी ने अभिनय किया।

# चैती महोत्सव : नारी सम्मान के लिए दौड़े-दौड़े आये भगवान

● कृष्ण लीला के मंच पर हुआ द्रौपदी का चीरहरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के तुलसी रंग मंच पर शनिवार को कृष्ण लीला का मंचन युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ से आरंभ हुआ जहाँ भगवान श्री कृष्ण की मुलाकात शिशुपाल से होती है ।

श्रीकृष्ण को देखते ही शिशुपाल उन पर अपशब्दों की बौछार कर देता है । परंतु श्रीकृष्ण मौन रहे क्यों उन्होंने अपनी मौसी ( शिशुपाल की माँ )को उनके बेटे की सौ गलतियों को क्षमा करने का वचन दिया था । परंतु यहाँ पर शिशुपाल सौ की सीमा पार कर जाता है और तभी श्रीकृष्ण अपने सुदर्शन चक्र से उसका वध कर देते हैं। दूसरी ओर द्रौपदी अपने महल में आए दुर्योधन को कटु वचन कह कर उसका अपमान कर देती हैं, जिससे दुर्योधन तिलमिला जाता है और अपने अपमान का बदला लेने के लिए मामा सकुनी के साथ साजिशें रचने लग जाता है। साजिश के तहत दुर्योधन युधिष्ठिर को धूतक्रीडा के लिए आमंत्रित करता है जिसे वे स्वीकार लेते हैं ।

पांडव धूतक्रीड़ा खेलने हस्तिनापुर दरबार पहुंचते हैं जहाँ शकुनी की बेइमानी के चलते धूतकीड़ा में अपना धन और राज्य हार जाते हैं जिसके बाद वे जुएं में अपने भाइयों और द्रौपदी को भी दांव पर लगा कर हार जाते हैं। जिसके बाद बदले की आग में जल रहा दुर्योधन दुशासन को द्रौपदी को राजसभा में लाने का आदेश देता है । दुशासन बाल पकड़ कर द्रौपदी को खींचता हुआ सभा में लाता है जिसके बाद दुर्योधन द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश देता है, भरी सभा में दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण आरंभ होता है जहाँ असहाय द्रौपदी अपने सखा कृष्ण को याद करती हैं, द्रौपदी की करुण पुकार से लीलाधर श्रीकृष्ण हस्तिनापुर की राज्यसभा में पहुंच कर अपनी लीला से द्रौपदी की साड़ी को बढाते चले जाते हैं जिसे खींचते खींचते दुशासन थक कर गिर जाता है और द्रौपदी की लाज बच जाती है । इसी लीला के साथ दसवें दिन की कृष्णलीला के मंच का समापन हो जाता ।

शनिवार को चैती महोत्सव के मंच का आरंभ ध्वनि फाउंडेशन की निदेशक ऋचा तिवारी ने अपने शिष्य शिष्याओं के साथ किया जिसमे उन्होने कृष्ण भजन, डांडिया, शिव स्तुति, होली रास व बृज की होली को अपने नृत्य कौशल से मंच पर प्रदर्शित किया । इसके उपरांत दूसरी प्रस्तुति डांस स्फेयर की शिक्षिका स्वाति श्रीवास्तव के निर्देशन में दी गई जिसे उन्होंने अपने 40 शिष्य . कलाकारों के साथ तुलसी रंगमंच पर गणेश जी की स्तुति के साथ आरंभ किया । डांस स्फेयर की दूसरी प्रस्तुति मीराबाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका हरि प्रिय मीराबाई का मंच पर सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया । ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रविवार को श्रीकृष्णलीला में कीचक वध , दुर्योधन के अनुरोध पर श्रीकृष्ण द्वारा अपनी चतुरंगिणी सेना उसे देना , श्रीकृष्ण का शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर जाना , दुर्योधन द्वारा कृष्ण को बंदी बनाने का प्रयास करना व श्रीकृष्ण द्वारा विराट स्वरूप के दर्शन देना जैसी प्रमुख लीलाओं को मंचित किया जाएगा ।

## ऋचा जोशी के भजनों ने मंत्रमुग्ध किया

### तीन दिवसीय मुनाल महोत्सव का रंगारंग आगाज

**लखनऊ।** लुप्त हो रही लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में प्रयासरत मुनाल महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च तक लिबर्टी पार्क सर्वोदय नगर कुर्माचल में किया गया। प्रथम दिवस 28 मार्च को मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह तथा विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह पटेल, मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने सांस्कृतिक आयोजन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों को सम्मानित भी किया गया जिसमें भोजपुरी लोक गायक संतोष कुमार, समाजसेवी आशा शुक्ला पत्नी विधायक राम कुमार शुक्ला पूर्व सभासद मनोज अवस्थी आदि को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से कलाकारों का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम के भजन राम ही राम से यशभारती सम्मानित लोक गायिका ऋचा जोशी ने सुंदर ढंग से गाकर भक्तिमय माहौल बना दिया। गढ़वाल की होली नृत्य दमयंती नेगी के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया विनोद रावत, हेमा पांचाल, अनीता नेगी अनीता सिंह, आशा देवी, राखी बिष्ट, सुनीता बिष्ट आदि ने नृत्य के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों का समागम प्रस्तुत किया हरदोई से आए अतिथि कलाकार उस्मान हैदर और अंकित सिंह ने पुराने फिल्मी




गीतों से माहौल को बदल डाला कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मानसी बिष्ट ने किया नरेंद्र पांडे की संस्था- मां सिद्धि दात्री सेवा समिति तथा मंदाकिनी बहुगुणा के निर्देशन में हार्ट एंड सौल के कलाकारों के साथ रेनू कांडपाल, नीलम जोशी तथा संस्कृति विभाग और सूचना विभाग के कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र शर्मा, परमा जौहरी, प्रियंका टंडन बलवंत सिंह मोहन सिंह बिष्ट, विपिन सिंह, दीवान सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई छह अप्रैल को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में शनिवार को सुनवाई टल गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तिथि तय की गई है। बीते 12 मार्च को परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने राहुल गांधी के वाइस सैम्पल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए अर्जी दी थी। इस पर बीते 23 मार्च को राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने आपत्ति दाखिल की थी। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बेंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। 27 नवंबर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए अदालत में तलब किया था।

## छात्राओं को दी गयी सुरक्षा व योजनाओं की जानकारी

**कूरेभार, सुलतानपुर ।** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को थाना कूरेभार क्षेत्र के रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं और किशोरियों को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उपनिरीक्षक हरिशंकर शर्मा, मुख्य आरक्षी अमित अवस्थी, महिला आरक्षी आकांक्षा यादव और महिला पीआरडी विमला ने छात्राओं से संवाद करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहयोग देकर उन्हें सशक्त बनाना है। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1930, 1076, 102, 108 और 1098 की जानकारी देते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संपर्क करने की अपील की। छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न पर चुप न रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं दूर कीं। इस पहल से छात्राओं में जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।

## महंत लक्ष्मण दास का निधन

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बावन बुजुर्ग बल्ला के पवित्र बबुरिहा धाम कुटी के तीसरे महंत लक्ष्मण दास जी महराज (लल्लू दास) का शुक्रवार-शनिवार की रात हृदय गति रुक जाने से इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही उनके गोलोक गमन की सूचना मिली, वैसे ही बबुरिहा धाम स्थित उनकी तपोस्थली कुटी पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। न केवल रायबरेली जनपद बल्कि आसपास के कई जिलों से उनके अनुयायी, शिष्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा एक की मौत, दो युवक गंभीर



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत माइलस्टोन 165 के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के अनुसार, मृतक की पहचान आमिर (32 वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने साथी अर्पित मिश्रा (22 वर्ष) और सागर गुप्ता उर्फ सुनील के साथ गोरखपुर से उन्नाव जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आमिर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अर्पित और सागर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को तत्काल सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया, जहां से उन्हें अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

### पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला, गंभीर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव में शनिवार सुबह पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, वहीं आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया। दोनों को गंभीर हालत में अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, चंद्रभान निषाद और उसकी पत्नी पूजा (लगभग 30 वर्ष) के बीच नशे की लत को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि पत्नी द्वारा विरोध करने पर चंद्रभान ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद उसने खुद का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास भी किया। सूचना पर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, कस्बा इंचार्ज अनूप सिंह व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी दोस्तपुर भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि दंपत्ति की शादी छह वर्ष पूर्व हुई थी और उनके दो छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## बीएलपी हॉस्पिटल फुंदनपुर में 24 घंटे सेवा, हृदय रोगियों के लिए बना वरदान

बृजेश यादव

**शुकुल बाजार, अमेठी।** फुन्दनपुर स्थित बीएलपी हॉस्पिटल (बाबा लक्ष्मण प्रसाद हॉस्पिटल) क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख और भरोसेमंद केंद्र बनकर तेजी से उभर रहा है। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध होने से आसपास के गांवों और कस्बों के मरीजों को दिन-रात उपचार की सुविधा मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह अस्पताल किसी बड़ी राहत से कम नहीं है, जहां हर समय डॉक्टर और स्टाफ मरीजों की सेवा में तत्पर रहते हैं।



अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सहित अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को अब बाहर शहरों में भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले लोगों को सामान्य जांच और अल्ट्रासाउंड के लिए जगदीशपुर, अमेठी अथवा अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक बबार्दी होती थी। अब एक ही छत के नीचे परामर्श, जांच, दवा और उपचार की सुविधा मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी सहूलियत हो रही है।

विशेष रूप से यह अस्पताल हृदय रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां हृदय संबंधी मरीजों के लिए विशेष उपचार, नियमित निगरानी और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पहले ऐसे मरीजों को दूर शहरों के अस्पतालों में जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। डॉ. संजय शुक्ला की देखरेख में बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाओं के कारण अस्पताल पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। यही वजह है कि मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है और दूर-दराज के गांवों से भी लोग इलाज के लिए यहां पहुंच रहे हैं। क्षेत्र में यह अस्पताल अब भरोसे, सेवा और बेहतर स्वास्थ्य का प्रतीक बनता जा रहा है।

## अमेठी सांसद ने दिव्यांगों को वितरण किया उपकरण



**गौरीगंज, अमेठी ।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण के प्रथम दिन जनसंपर्क एवं जनसेवा का व्यापक संदेश दिया वे केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय, गौरीगंज पहुंचे, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा बैठक में भाग लेकर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत सांसद ने कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को 125 ट्राई साइकिल एवं 10 व्हीलचेयर भेंट कर संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके पश्चात सांसद अमेठी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आमजन से संवाद स्थापित करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान का आश्वासन देंगे। सायंकाल वे रायबरेली जनपद स्थित अपने सांसद आवास, भूएमऊ पहुंचेंगे। 29 मार्च को प्रातः 10:30 बजे सांसद केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे, जिसमें संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रेम नरायण तिवारी, मुन्ना त्रिसुंडी, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, प्रवक्ता अनिल सिंह, शत्रुघ्न सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएचसी कादीपुर में एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र पटेल ने अपनी टीम के साथ अभियान की शुरूआत करते हुए लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया। डॉ. पटेल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन शरीर को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से सुरक्षा प्रदान करती है और सर्वाइकल कैंसर के लगभग 70 प्रतिशत मामलों को रोकने में सहायक है। यह वैक्सीन वैजाइनल, एनल और ओरोफेरिन्जियल कैंसर के साथ-साथ जेनिटल वॉर्ट्स से भी बचाव करती है तथा शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि यह टीका 9 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सबसे प्रभावी होता है और संक्रमण से पहले शरीर में एंटीबॉडी विकसित करता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र सिंह, एएनएम स्वाती तिवारी, एचबी आशा सिंह, प्रवेश वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## उसामा हत्याकांड के मुख्य आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मो. उसामा हत्याकांड के मामले में जेल में निरुद्ध मुख्य आरोपी मो. आसिफ उर्फ सोनू की जमानत पर शनिवार को जिला जज सुनील कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। जमानत का अभियोजन पक्ष की ओर से वादी मुकदमा के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने विरोध किया। जिला जज ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मुख्य आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के मुताबिक कोतवाली नगर के राहुल चैराहा गांधी नगर निवासी मो. सकील के 11 वर्षीय पुत्र मो. उसामा को 25 नवंबर 2024 को मोहल्ले के ही मो. आसिफ उर्फ सोनू ने अगवा कर लिया था। आरोपी मो. आसिफ उर्फ सोनू ने परिवारीजनों से पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। बाद में आरोपी ने मो. उसामा की हत्या कर शव घर के अंदर बेड में छिपा दिया था। पुलिस ने शव बरामद करने के बाद मुख्य आरोपी मो. आसिफ उर्फ सोनू के साथ ही उसके पिता ताज मोहम्मद उर्फ बब्बू, बहन शबनम, चाचा मो. सलीम व चाची रिजवाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## महंत के शव की समाधि पर विवाद प्रशासन के समझाने पर माने लोग

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम काजीपुर तेलियानी में स्थित बाबा ढाखू दास की कुटी के आठवीं पीढ़ी के महंत छेदी लाल की अचानक शुक्रवार को मौत हो गई थी जिनका शव को मंदिर परिसर में समाधि देने को लेकर बवाल होते होते बचा। सूचना पर राजस्व विभाग और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और समझा बुझाकर दोनों पक्षों को मंदिर परिसर से बाहर किन्तु पास ही महंत के शव को दफनाने पर सहमत कराया। बता दें कि मंदिर की गद्दी पर बैठने को लेकर वर्षों से मंदिर विवादो में घिरा है और दो महीने से विवाद कुछ ज्यादा ही गहरा गया था। महंत छेदीलाल द्वारा सलोन एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम को शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग की जिस पर राजस्व और पुलिस की मौजूदगी बिना किसी जोर दबाव के इस बात पर सुलह समझौता हुआ कि सुबह और शाम दो-दो घंटे मंदिर का ताला खुला रहेगा जिससे भक्तगण बाबा के दर्शन कर सकें लेकिन दूर से आए गद्दी पर बैठने की कोशिश करने वाले दूसरे महंत द्वारा समझौते के बाद भी मंदिर का ताला नहीं खोला गया जिस पर महंत छेदी लाल के साथ गांव के लोगों ने मिलकर सामूहिक रूप से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम सभा काजीपुर तेलियानी में सैकड़ो वर्ष पुराना प्राचीन सिद्ध संत बाबा ढाखू दास का मंदिर है जो छेदी लाल बाबा के पूर्वजों द्वारा बनाया गया था। मंदिर की ख्याति काफी दूर दराज तक प्रसिद्ध होने के कारण भक्तों की संख्या में प्रतिदिन दर्शन करने आते जाते हैं लेकिन पिछले माहो से लाल कुंदेश पुत्र माताफेर और जंग बहादुर पुत्र लाल कुंदेश बाबा की समाधि के गेट पर ताला लगाकर मंदिर कब्जे में कर लिया है जिससे भक्तगढ़ दर्शन करने से वंचित है महंत के शव यात्रा में लोगों का हुजूम जन सैलाब रहा लोग अन्तिम दर्शन प्राप्त किए सामूहिक शिकायत में गांव वासियों की माने तो जिलाधिकारी ने सलोन तहसील अधिकारियों से जांच रिपोर्ट आख्या मांगी है लेकिन महीनो बीतने के बावजूद मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा जिससे मृतक महंत के परिजन और गांव वासियों में आक्रोश है नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर ने कहां कि शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही महंत का शव मिट्टी में दफन हो गया।

# जनपद में 93 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से गेहूँ खरीद हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूँ खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में 160रुपए प्रति कुंतल अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जनपद में स्थापित होने वाले गेहूँ क्रय केन्द्रों की संख्या 93 है, जिसमें खाद्य विभाग के 34, भारतीय खाद्य निगम के 05, पी0सी0एफ0 29, पी0सी0यू0 15, यू0पी0एस0एस0 08 एवं मण्डी परिषद के दो गेहूँ क्रय केन्द्र है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 6, पी0सी0एफ0 के 3, पी0सी0यू0 के एक एवं यू0पी0एस0एस0 के 3 कुल 13 मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों का संचालन किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूँ क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित हैं, सभी 93 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर केंद्र प्रभारी तैनात है। सभी राजकीय गेहूँ क्रय केंद्र सामान्यतः प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 9 बजे तक अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर दर्ज की जायेगी। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश छोड़कर, शेष कार्य दिवसों एवं स्थानीय अवकाश व द्वितीय शनिवार में क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। क्रय एजेंसियों द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग इत्यादि के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जायेगी। क्रय केंद्र पर खरीद हेतु आवश्यक उपरकरण यथा 02 इलेक्ट्रांनिक कांटा, 01 नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन, डबल जाली का छलना एवं पॉवर डस्टर तथा एनालिसिस किट आदि की व्यवस्था मण्डी परिषद द्वारा अनिवार्य रूप से करायी जायेगी। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति बना सुरक्षा कवच, महिलाओं में बढ़ा भरोसा : क्षेत्राधिकारी



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** मिशन शक्ति 5 अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के डीहढग्गूपुर पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर राम कृष्ण चतुवेर्दी ने किया। इस दौरान अपराध निरीक्षक अखिलेश सिंह, चैकी प्रभारी भटमई सुनील कुमार यादव, उप निरीक्षक विजय बहादुर, महिला कांस्टेबल रिंकू यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार एवं कांस्टेबल राहुल चैधरी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया तथा साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याएं भी साझा कीं। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि राज कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी राम कृष्ण चतुवेर्दी ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें, जागरूक रहे, यह अभियान महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच जैसा है। अगर कोई भी समस्या आए तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# संग्रामपुर व इटौरी में सूखे अमृत सरोवर, टूटीं व्यवस्थाएं





**संग्रामपुर, अमेठी ।** विकासखंड के संग्रामपुर, इटौरी और कसारा में निर्मित अमृत सरोवर का जायजा लिया गया। जिसमें संग्रामपुर और इटौरी अमृत सरोवर की स्थिति खराब दिखी। ध्वस्त होते बैरिकेडिंग, इंटरलॉकिंग और सूखे पड़े अमृत सरोवर में उग रही झाड़ियां सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रही है। पड़ताल में अमृतसरोवर संग्रामपुर में ग्रामीणों को आने-जाने के लिए खड़ंजा व इंटरलॉकिंग मार्ग नही बना मिला। अमृत सरोवर गेट भी पूरी तरह से बनकर तैयार नही दिखा, ग्रामीणों की बैठने के लिए अमृत सरोवर के चारों तरफ बेंच की व्यवस्था व पेयजल की व्यवस्था भी नहीं देखने को मिली, सरोवर के अंदर कटीली झाड़ियां उगती दिखी। अमृत सरोवर लगभग सूख चुका है थोड़ा कीचड़ युक्त जल बीच में देखने को मिला। अमृत सरोवर के चारों तरफ की गई इंटरलॉकिंग भी जगह-जगह धंसती हुई दिखाई दी। कार्ययोजना बोर्ड भी टूटकर गिरा दिखा। चारों तरफ की गई बैरिकेडिंग भी क्षतिग्रस्त होते दिखाई दी।

वही इटौरी ग्राम सभा के पंचायत भवन के बगल बना अमृतसरोवर की स्थिति सबसे खराब दिखाई दी। अमृत सरोवर पूरी तरह बनकर तैयार होने के दावे के बावजूद गेट व नेम बोर्ड नहीं बना दिखा। और न ही ग्रामीणों के बैठने के लिए अमृतसर के चारों ओर बेंच की व्यवस्था और जल भराव व पीने के लिए पेयजल की व्यवस्था देखने को मिली। अमृत सरोवर के चारों तरफ की गई इंटरलॉकिंग में जगह-जगह टूटकर बिखरते हुए दिखाई दी। अमृत सरोवर के अंदर उतरने के लिए बनी सीढ़ियां भी नीचे से टूटते हुए दिखाई दी। अमृत सरोवर के चारों ओर बैरिकेडिंग भी नही देखने को मिला। अमृत सरोवर पूरी तरह से सूखा दिखाई दिया और उसमें झाड़ियां उगी हुई दिखी। वही अमृत सरोवर कसारा की स्थिति दोनों अन्य अमृत सरोवरों की अपेक्षा काफी सही दिखा। जहां अमृत सरोवर जाने के लिए इंटरलॉकिंग, अमृत सरोवर का गेट और कार्य योजना बोर्ड सभी लगा दिखा। साथी ही चारों तरफ की गई इंटरलॉकिंग भी दुरुस्त दिखाई दी और ग्रामीणों के बैठने के लिए चारों तरफ बेंच की व्यवस्था भी देखने को मिली अमृत सरोवर में जगह-जगह फूलों के गमले और क्यारियां भी देखने को मिली। चारों तरफ से अमृत सरोवर को पूरी तरह से बैरिकेडिंग किया दिखा। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी यह भी अमृतसर सूखा दिखा। बीडीओ आकांक्षा सिंह ने बताया कि कार्ययोजना व भुगतान के अनुसार कार्य अधूरा पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। और कमियों को दुरुस्त कराया जाएगा।

## सिस्टम में भ्रष्टाचार कागजों में निस्तारण

**अमेठी।** जनपद में जनसुनवाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। तिलोई विकासखंड के पूरे भगवानदीन, ग्रामसभा अगौना में एक खराब इंडिया मार्का हैंडपंप की शिकायत दर्ज कराई गई थी। कागजों में शिकायत का निस्तारण दिखा दिया गया, लेकिन हकीकत में हैंडपंप आज भी उसी हालत में खराब पड़ा है। निस्तारण में लगाई गई फोटो कहीं और की है क्योंकि उसमें छप्पर का फोटो लगा है और हैरान करने वाली बात यह है कि शिकायतकर्ता के बाहर छप्पर है ही नहीं शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी बिना मौके पर जांच किए ही शिकायतों को निपटाया हुआ दिखा रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। और नल करीब 3 साल पहले लगा था जिसका चट्टा अभी तक नहीं बन सका ।

## श्रीमद् भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ सप्ताह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्राम पूरे तुलसीराम तिवारी, पोस्ट बल्लीपुर, जिला सुलतानपुर (उ.प्र.) में अत्यंत पावन एवं भक्तिमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन दिनांक 28 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री शिवेश शास्त्री जी महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न दिव्य प्रसंगों जैसे जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र आदि का मनमोहक वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 05 अप्रैल 2026 (रविवार) को महाभंडारा एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी हैं। समस्त तिवारी परिवार एवं ग्रामवासी इस धार्मिक अनुष्ठान में सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करते हैं। सभी श्रद्धालु समय पर पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# वार्षिक सांस्कृतिक व खेलकूद उत्सव 'स्पेक्ट्रम' का समापन

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के वार्षिक सांस्कृतिक और खेलकूद उत्सव ह्यस्पेक्ट्रम 2026ह्य का आज तीसरे और अंतिम दिन अत्यंत उत्साह और गरिमामय पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। समापन दिवस के मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम रहे, जिसमें फुटसल और डुएट सिंगिंग में टीम ह्यकोहिनूरह्य ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं वर्ल्ड ऑफ वियरेबल आर्ट, इवेंट फोटोग्राफी, रील मेकिंग, वाद-विवाद और एड-मैड जैसी महत्वपूर्ण स्पधाओं में टीम स्याही ने जीत का परचम लहराया।

अभिव्यक्ति और कला के क्षेत्र में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें टीम ह्यनैनो नानीह्य ने मोनोलॉग और कॉन्सेप्ट फोटोग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही टीम गली गैंग का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, जिसने शॉर्ट फिल्म, माइम, वन इमेज वन राइट-अप और रोडीज जैसे रोमांचक मुकाबलों में जीत हासिल की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि स्पेक्ट्रम केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा और उनके नेतृत्व क्षमता को निखारने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजन में दिखाई गई असीम ऊर्जा और समर्पण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त निदेशक ने छात्रों के बीच अनुशासन और टीम वर्क की सराहना की, जबकि कैंपस एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने शैक्षणिक विकास के साथ-साथ ऐसे सह-पाठयक्रम आयोजनों की अनिवार्यता पर बल दिया। पुरस्कार वितरण के दौरान पूरे परिसर में भारी उत्साह देखा गया और अब सभी की निगाहें उस अंतिम घोषणा पर टिकी हैं जिसमें अंकों की कुल गणना के आधार पर इस वर्ष की ओवरऑल चैंपियन टीम के नाम का खुलासा किया जाएगा। कार्यक्रम का औपचारिक समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहाँ सभी ने अगले वर्ष इस उत्सव को और भी अधिक भव्य बनाने के संकल्प के साथ विदा ली।

## तेज रफ्तार थार की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत पत्नी घायल

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आस्तिक मंदिर मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक तेज रफ्तार थार ने सड़क पार कर रहे बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। तेज रफ्तार थार की चपेट में आने से बाइक चालक सुशील पुत्र राम खेलावन निवासी रुकुनपुर थाना मिल एरिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार मृतक की पत्नी संगीता गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल संगीता को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। यह दर्दनाक एक्सीडेंट हरचंदपुर थाना क्षेत्र के आस्तिक मंदिर मोड़ के पास सड़क पार करने के दौरान हुआ। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है। थार चालक और वाहन के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कच्ची शराब बरामद, 3 कुंतल लहन नष्ट, एक गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के नकहा गांव में शनिवार को अवैध कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। पुलिस टीम ने द्वारिकागंज चैकी प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर करीब तीन कुंतल लहन नष्ट कर दिया, साथ ही मौके पर संचालित हो रही लगभग पांच अवैध भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही अवैध शराब बनाने में लिप्त लोग मौके से फरार हो गए। अभियान के दौरान पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ राजेश कुमार निवासी नकहा को कलखुरा गोमती पुल के पास से गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक अशोक कुमार की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, बाद में उसे मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

# आईसक्रीम बेचने गये युवक की गला काटकर हत्या



**बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दोपहर करीब 12 बजे एक युवक की बांके से गला काटकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने सिर को धड़ को अलग कर सिर अपने घर लेकर चला गया। जंहा चूल्हा पर सिर जलाने के लिए रख दिया। मौके पर पर पुलिस टीम ने पहुंच आरोपी को गिरफ्तार कर सिर को कब्जे में लिया। तथा आरोपी की निशानदेही पर धड़ को भी बरामद किया। दिनदहाड़े हुई हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारा बेहटा गांव का रहने वाला बबलू (21) आइसक्रीम बेचने का काम करता था। घर में उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। शनिवार को बबलू रोज की तरह बर्फ बेचने निकला था। जंहा परसवाल गांव के पास शंकर यादव से झगड़ा होने पर घर के अंदर से फरसा लेकर बबलू पर हमला कर सरेआम उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी। और कटा हुआ सिर उठाकर अपने घर लेकर चला गया।

- हत्या के बाद सिर साथ घर ले जाकर चुल्हे पर जलाने की कोशिश
- हत्यारोपी शंकर यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच शंकर को घर के अंदर चूल्हा जलाकर सिर को जलाने की कोशिश करते मिलने पर पुलिस ने तुरंत शंकर को दबोचा और सिर व फरसा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सनक और आपसी झगड़े का लग रहा है। इतनी क्रूरता के पीछे की असली वजह जानने के लिए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पूर्णाहुति के बाद यज्ञ स्थल व पंडाल में लगी आग

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के सरयू तट पर स्थित राजघाट में बक्सर के संत जीयर स्वामी के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूणार्हुति शनिवार को हुई। पूणार्हुति के बाद यज्ञ स्थल व उसके पंडाल में आग लग गयी। देखते ही देखते यज्ञ स्थल के बड़े परिसर को आग ने अपनी चपेट ले लिया। यहां से आग की ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी। यहां मौजूद फायर बिग्रेड की टीम ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद अन्य टैंकर भी मौके पर पहुंच गये तथा आग पर काबू प्राप्त कर लिया गया। महायज्ञ में देश के विभिन्न कोने से श्रद्धालु पहुंचे थे, लेकिन कोई भी जनहानि व समाचार लिखे जाने तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि विशाल महायज्ञ का आयोजन कराया गया था, जिसमें पूणार्हुति थी। यहां पर आग लगने की जानकारी मिली। आग लगने की वजह से यज्ञशाला का पंडाल जलने लगा। यहां फायर व स्वास्थ्य विभाग की टीमों को भेजा गया। हालांकि यहां पर फायर बिग्रेड का एक वाहन पहले से मौजूद था। तत्काल आग पर काबू प्राप्त कर लिया गया। यज्ञशाला पूणार्हुति होने की वजह खाली हो गई थी। अधिकांश लोग वहां से बाहर निकल चुके थे। उसके करीब एक घंटे के बाद आग लगी। जिसकी वजह से आग की चपेट में कोई व्यक्ति अथवा पशु नहीं आया। आग की चपेट में बगल स्थित गौशाला का कुछ हिस्सा आया था। जिसको समय रहते बुझा दिया गया। वहां के सभी पशुओं को रेस्क्यू किया गया। किसी प्रकार से कोई जनहानि अथवा पशु हानि नहीं हुई। जो बसें अथवा गाडियां यहां पर है, उससें लोगो को भेजवाया जा रहा है।

- फायर बिग्रेड ने बुझायी आग, यज्ञ में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न जगहों से आये थे हजारों श्रद्धालु
- बक्सर के संत जियर स्वामी के सानिध्य में राजघाट में हो रहा था महायज्ञ

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि नदी के किनाने यज्ञ व कथा का कार्यक्रम चल रहा था। इसको लेकर यहां पर पुलिस व फायर बिग्रेड की ड्यूटी लगातार लगी हुई थी। यज्ञशाला के पास आग लगने की जानकारी मिली। तत्काल यहां पर मौजूद फायर बिग्रेड व फोर्स के द्वारा आग पर काबू प्राप्त करने का प्रयास शुरू कर दिया गया। अतिरिक्त फायर टैंकर व फोर्स यहां तत्काल पहुंचा। यज्ञशाला के अलावा गौशाला में भी आग की सूचना मिली। फायर टैंकर के द्वारा आग को पूर्णतया बुझा दिया गया है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार किसी प्रकार की कोई जनहानि संज्ञान में नहीं आयी है। जहां आग लगी है, वहां फायर बिग्रेड के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।। इसके अतिरिक्त कथा में जो लोग आए हुआ है, उनकी दिक्कतों का ख्याल रखा जा रहा है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रभु राम की कृपा है, बड़ी घटना होने से बची है। कोई जन हानि नहीं हुई है। प्रशासन भी समय से पहुंच गया था। श्रद्धालुओं को वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

# नवीन सब्जी और फल मंडी से व्यापारी की बाइक चोरी, सौंपा शिकायती पत्र



**बाराबंकी।** शहर की नवीन सब्जी एवं फल मंडी में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिये है। मंडी परिसर में हो रही चोरी की घटनाओं ने व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पीड़ित मंडी व्यापारी मो0 आरिफ पुत्र मो0 जाबिर ने बताया कि अपनी दुकान पर व्यापार करने के लिए मंडी परिसर पहुंच अपनी बाइक सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल यू0पी 41 एपी 9603 खड़ी की। लेकिन जब कुछ समय बाद लौटे तो बाइक वहां से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद कोई सुराग न मिलने पर नगर कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र के माध्यम से घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद इस घटना के बाद मंडी के अन्य व्यापारियों में भी आक्रोश और भय का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी परिसर में न तो पर्याप्त पुलिस गश्त होती है और न ही कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है। सीसीटीवी कैमरों की कमी और मौजूद कैमरों का सही तरीके से काम न करना भी चोरी की घटनाओं को बढ़ावा दे रहा है। प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी जैसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत होना बेहद जरूरी है। बावजूद इसके, यहां लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# घर में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बहराइच।** जिले के पयागपुर इलाके में एक युवक का घर में फंदे से लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित पील खाना मोहल्ले में रहने वाले बरसाती के 25 वर्षीय पुत्र दीपू का घर के कमरे में फंदे से लटकता शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के घटना की जानकारी थाने पर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी पयागपुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी

# रामनवमी मेले के दौरान चार महिला चोर पकड़ी गयीं



**अयोध्या।** रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के पर्स व मोबाइल चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच कोतवाली अयोध्या पुलिस ने महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। चार महिला आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान शत-प्रतिशत बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। सरयू नया पुल अयोध्या-बस्ती हाईवे किनारे से शनिवार को कमलावती, जानकी, सिंगेश्वरी और शांति देवी को गिरफ्तार किया गया। वे बिहार के गोपालगंज और सिवान जनपद की निवासी बताई जा रही हैं। मेले में भीड़ का फायदा उठाकर श्रद्धालुओं के पर्स, मोबाइल व अन्य सामान चोरी करती थीं।

मामले में कोतवाली अयोध्या में तीन अलग-अलग केस दर्ज थे, जिनमें बरामदगी की धाराएं बढ़ाई गई हैं। उनके पास से एक रेडमी मोबाइल, एक रियलमी नार्जो मोबाइल, एक नोकिया कीपैड फोन, 17 हजार रुपये नकद, दो लेडीज हैंडबैग, दो पर्स, चार कृत्रिम मोती की माला, पांच चाभियां तथा दो आधार कार्ड बरामद किए गए है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 5.45 करोड़ की कार्य योजना पास




**अमानीगंज-अयोध्या।** विकास खंड के सभागार में शनिवार को ब्लाक प्रमुख श्रीदेवी की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत की बैठक में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत के विकास की 5.45 करोड़ की कार्य योजनाओं का प्रस्ताव पास हुआ। कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्र ने अनुपस्थित विभागों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम सभी को निरंतर करते रहना है। लोगों की जो भी समस्याएं आई हैं सभी का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाएगा। जो भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित है उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता पवन सिंह ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए लोगों को भटकना न पड़े इसके लिए कृषि विभाग के कर्मचारी गांव गांव जाकर किसानों की आनलाइन करायें। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवनघ पांडेय ने ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए विकास कार्य के भुगतान का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों का तीन-तीन वर्षों से लाखों का बकाया चल रहा है, फिर भी भुगतान नहीं हो रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य मिशन यादव ने राशन कार्ड की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि पहले यूनिट काट दी जाती है फिर जोड़ने के लिए अवैध वसूली की जाती है।

- अनुपस्थित विभागों को कारण बताओ नोटिस

आपूर्ति एवं विद्युत विभाग की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधि की नाराजगी के बाद बीडीओ ने संबंधित विभाग को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाने कानिर्देश दिया। सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार सिंह के बिना किसी सूचना अनुपस्थित रहने पर बीडीओ ने उप निदेशक कृषि डा पीके कनौजिया को अवगत कराया उन्होंने ने कहा कि पत्र भेजिये एक दिन का वेतन रोका जाएगा। पाकड़पुर के सफाई कर्मचारी राज कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में शंभू सिंह, राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, सियाराम रावत, अजय सिंह, अखंड पांडेय, रितुराज पांडेय, बजरंग सिंह , समर बहादुर सिंह , दिलीप श्रीवास्तव, महेश कुमार, आकाश मोहन, अतुल कुमार, मुफीद खान तथा ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने निगरानी समिति के साथ की बैठक




**बाराबंकी।** डीआरडीए सभागार मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता मे निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे समस्त विभागो की समीक्षा करते हुये कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुचारू रूप से संचालित होने, जिन जिन विकास खण्डों में डॉक्टर, कम्पाउंडर व नर्स सही समय पर नही पहुंचते है, और स्वास्थ सम्बन्धित दवाइयों की व्यवस्था नही है, वो मुझे व शासन को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के अन्तर्गत कई विकास खण्डों में यह योजना केवल कागज पर ही दिख रही है, सुचारू रूप से इसे जमीं पर उतार कर हर घर जल पहुंचाने का कार्य करें। कई विकास खण्डों में तो आधे फिट पर पानी का पाइप डालकर कागजी खानापूर्ति कर ली गयी है, और वह पाइप जर्जर हो गये है, जिससे हर घर जल योजना वंचित है। उन्होने कहा कि यह केन्द्र की योजना है, और मेरे संसदीय क्षेत्र में हर घर जल की व्यवस्था सुचारू रूप से होनी चाहिए। सौभाग्य योजना के अन्तर्गत विद्युत कनेक्शन, समस्त जिले में नाला, नालियां व नहरें जो भी कार्य अधूरे पड़े हुये है वह जल्द से जल्द पूरे किये जाने, अवैध खनन रोकने हेतु सख्त कार्यवाही, जल्द ही हुयी बरसात एवं कई विकास खण्डों मे ओले से प्रभावित गेहूं, सरसों, आलू, अफीम की खेती, आम के बौर को लेकर किसानों को राहत पहुंचाने का कार्य करे। बैठक मे सांसद अवधेश प्रसाद, एमएलसी अंगद सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन मौजूद रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने दीप प्रज्जवलित व आरती कर किया साई भजन संध्या का शुभारंभ



**बाराबंकी।** मसौली के ग्राम अमदहा स्थित शिरडी साई बाबा मंदिर के स्थापना दिवस महोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन साई भजन संध्या का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा व पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने साई बाबा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एंव आरती कर किया। इसके उपरान्त भजन गायक ज्योति सिंह द्वारा बाबा एवं उनके कर्तृत्व को समर्पित अनेकों स्तुतियों एवं भजनों को अत्यंत संजीदगी से प्रस्तुत किया। भजनों की शुरूआत बाबा की आरती एवं गणपति वंदना से हुई। भजन गायिका ने मुझे चरणों से लगाले, साई नाथ शिरड़ी वाले मेरे रोम रोम में बस जा साई नाथ शिरड़ी वालेह्नह्न, बाबा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते है बाबा मेरा नाम हो रहा है, शिरड़ी वाला जब रहमत बरसाता है, जरा जोर से लगाओ जय कारा साई जी दोड़े चले आयेगे, मेरे सर पे सदा तेरा हाथ है शिरड़ी वाले तु हमेशा हमारे साथ रहे, अब तो तू ही साजन सांई तू ही मेरा महबूब रे आदि भजनों का गुणगान किया। तो वही पीलीभीत के कलाकारों द्वारा सांई बाबा की झांकी, राधा कृष्ण की रासलीला एवं फूलों की होली, माता दुर्गा दर्शन, महिषासुर वध, बालाजी महाराज ,कृष्ण-सुदामा, भगवान भोलेनाथ की मसान आरती, प्रभु श्री राम का सजीव चित्रण के झाकिया प्रस्तुत किया।

- पीलीभीत कलाकारों ने सांई बाबा की झांकी, राधा कृष्ण रासलीला, महिषासुर वध का सजीव चित्रण किया प्रस्तुत

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा एमएलसी अंगद कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, जिला होमगार्ड कमाडेंट विनोद सिंह, लल्लन वर्मा, श्यामाचरण गुप्ता, सोनू जैन, अनिल सैनी, बबलू मौर्य, गुड्डू मौर्या, सुरेश मौर्या, अंकित वर्मा, सत्यम गुप्ता, सोनम श्रीवास्तव, आयुष मौर्या आदि मौजूद रहे।

# भारत और नेपाल के बीच रिश्तों को मजबूत करेगा खेल महोत्सव




**बहराइच।** शहर के किसान डिग्री कॉलेज स्थित खेल मैदान में रविवार से आयोजित खेल महोत्सव में भारत और नेपाल के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में दोनों देश के खिलाड़ी शामिल होंगे। दोनों देश के बीच क्रीड़ा भारती और सीमा जागरण मंच की ओर से शुरू होने वाली खेल प्रतियोगिता से रिश्ते मजबूत होंगे। यह बात पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव से भारत और नेपाल के मध्य रिश्तों में मजबूती तो आएगी ही। साथ ही युवाओं को प्रतिभा निखारने में एक उचित स्थान मिल रहा है। किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। जो काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश के बीच हुए तनाव को कम करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। साथ ही सीमा वर्ती गांवों के लोगों को भी इन आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए सफलता मिलेगी। इसका शुरूआत रविवार को क्रास कंट्री दौड़ से होगी। यह रन फार नाम से शुरू होगी। नेपाल के लोगों को जोड़ने के लिए इसका आयोजन किया गया है। जिसमें प्रांत प्रचारक, एमएलसी, संगठन मंत्री अमर नाथ, समेत अन्य शामिल होंगे। प्रतियोगित में सीमा क्षेत्र की चार टीम, नेपाल की चार टीम रहेगी। इस दौरान अमरनाथ प्रान्त संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच, जिला संयोजक किसान मोर्चा सत्य प्रकाश सिंह सत्या, सभासद आशीष सिंह, देवेंद्र सिंह, डिम्पल जैन, आदित्य चंद मिश्र, डिंकु सिंह रैकवार क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह ,विवेक शुक्ल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा , युवक पर किया था हमला



**बहराइच ।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गोडहिया नंबर 1 में खेत गए एक युवक पर अचानक तेंदुए में हमला कर उसे घायल कर दिया था । लोगों के लाठी डंडे लेकर दौड़ने पर उसकी जान बच सकी थीं । जिसके बाद देर रात वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए खेत के किनारे पिंजरा लगाया गया है । गोडहिया नंबर 1 स्थित बभनन पुरवा ग्राम का रहने वाला राकेश नाम के युवक शुक्रवार को घर से कुछ दूर पर स्थित अपने खेत गया था। तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया । इस दौरान युवक चीखते हुए उससे भीड़ गया । आवाज सुनकर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए । इस दौरान जानवर उसे छोड़ भाग गया , हमले में युवक के पैर में घाव हो गया था । युवक पर हमले की घटना के बाद देर रात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जानवर को पकड़ने के लिए गन्ने के खेत के पास पिंजरा लगाया गया है । इसके साथ ही ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही गई है ।

# सरकारी भूमि पर किये गयेअवैध कब्जें हुए जमीदोज



**बहराइच 28 मार्च।** तहसील नानपारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीएम की तत्परता के चलते शिकायत मिलते ही राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया। ग्राम पंचायत कलवारी में गाटा संख्या 704, रकबा 0.293 हेक्टेयर भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में शमशान भूमि के रूप में दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। दूरभाष पर प्राप्त हुई शिकायत के सम्बन्ध मौके पर पहुंची राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होनें पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराकर पुनः सुरक्षित कराया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर न सिर्फ कब्जा हटाया जाएगा, बल्कि दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की है कि स्वेच्छा से अवैध कब्जों को हटा लें अन्यथा की स्थिति में कब्जा हटाने के साथ साथ सम्बन्धित के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से बंद वाहनों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न



**बाराबंकी।** उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस थानों में लंबे समय से बंद या जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर शांतिपूर्ण एंव पारदर्शी ढ़ग से सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव की देख-रेख मे 12 बजे शुरू हुई। नीलामी मे भाग लेने हेतु सुबह 10 से 11:30 बजे के मध्य बोलीदाताओ ने निर्धारित प्रारुप पर अपनी फोटो, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ एक निश्चित राशि 10 हजार रुपये सुरक्षा के तौर पर जमा कर टोकन प्राप्त किया।

- 40 वाहनो की नीलामी से परिवहन विभाग को मिला 11 लाख 50 हजार राजस्व
- एक वाहन की निर्धारित 60 हजार कीमत पर बोलीकर्ता ने लगाये 1 लाख 41 हजार

जिसके बाद दोपहर 12 बजे जनपद के बड्डुपुर, मसौली, बदोसराय, कोतवाली, कुर्सी, लोनीकटरा, उमरा कुर्सी थानो मे बंद लगभग 40 वाहनो मोटर कैब, थ्री व्हीलर पैसेंजर, मैक्सी कैब, बस, प्राइवेट सर्विस व्हीकल, गुड्स कैरियर की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। प्रक्रिया मे उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाताओ के नाम वाहन को आवंटित किया गया। नीलामी प्रक्रिया मे समस्त 40 वाहनो की ब्रिकी से परिवहन विभाग को कुल 11 लाख 50 हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।

इस दौरान निर्धारित 60 हजार कीमत वाले एक वाहन पर बोलीदाताओ ने सबसे उच्चतम 1 लाख 41 हजार रुपये पर फाइनल कर वाहन को अपने नाम आंवटित करवाया। इस दौरान प्रधान सहायक श्यामल गागुली, प्रधान सहायक रामकिशोर मौर्या, वरिष्ठ सहायक अमन वर्मा, कनिष्ठ सहायक अनिकेत सिंह मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम का द्वितीय जागरूकता अभियान आयोजित



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0ह्व के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद बहराइच में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 28.03.2026 को पुलिस लाइन्स, बहराइच में ह्लरन फॉर एम्पावरमेंटह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक महोदय, बहराइच द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों एवं पुलिस मॉडर्न स्कूल, बहराइच की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। दौड़ प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों जिसमें पुलिस माडर्न स्कूल से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः दीक्षा, संस्कृति, हर्षिता त्रिपाठी को एवं पुलिस टीम से प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान पर क्रमशः अनुपम पटेल, चांदनी वर्मा व किरन यादव को सम्मानित/पुरस्कृत किया गया तथा उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशंसा की गई। साथ ही ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, बस स्टेशनों एवं रेलवे स्टेशनों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर गोष्ठी, चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओझ्रबेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त महि1076, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरण एवं मोबाइल पैनिक बटन/इमरजेंसी कॉल के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

# उपभोक्ताओं को समय से नही मिल पा रहा गैस सिलेंडर

**अयोध्या।** जिले में एलपीजी और डीजल वितरण की समस्या को लेकर वामदलों के नेताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा तथा जिला पूर्ति अधिकारी से मिलकर वार्ता की। ज्ञापन में कहा गया कि गैस एजेंसियों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर मिल पाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। विशेषतः ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं के नाम का सिलेंडर अन्यत्र डिलीवरी की जा रही है। मोबाइल पर सिलेंडर आवंटन का संदेश प्राप्त होता और सब्सिडी खाते में भी आ जाती है किन्तु सिलेंडर उपभोक्ताओं को नहीं प्राप्त होता है। मांग की गई कि होम डिलीवरी कराई जाए और पासबुक पर अंकन भी अवश्य कराया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गेहूं की मड़ाई व सब्जियों आदि की सिंचाई के लिए इंजन चलाने के लिए डीजल की आवश्यकता होती है। किसानों को कृषि कार्य हेतु कम से कम बीस लीटर डीजल उपलब्ध कराए जाने की मांग भी की गई।

